13- MAY- BSP- P-1_Layout 1 5/13/2025 10:59 AM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 14 मई 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

**तापमान**
अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 30.1 डिग्री




## खबर संक्षेप

### कांग्रेस करेगी आज नगर निगम का घेराव

**बिलासपुर।** नगर निगम के घेराव आंदोलन को लेकर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण की कांग्रेस भवन में बैठक हुई। इसमें पार्षद प्रत्याशियों सहित सभी प्रभारी, वार्ड पार्षद उपस्थित रहें। बैठक में अध्यक्ष द्वय ने कहा कि 14 मई को सुबह 11 बजे कांग्रेस भवन से कांग्रेसजन नारेबाजी करते हुए नगर निगम कार्यालय के लिए कूच करेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय व ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि 14 मई को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पानी, बिजली और शहर की साफ-सफाई को लेकर नगर निगम कार्यालय सामने जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। इसके पश्चात जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### रिस्टोर की गई रद्द बिलासपुर-टाटानगर

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने रद्द की गई बिलासपुर से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को वापस रिस्टोर कर दिया है। जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल में सेवड़ाफुली जंक्शन-कान्ड़ा जंक्शन के बीच टीआरटी ब्लॉक कार्य 13 से 16 मई को किया जाएगा। इस कार्य के लिए टाटानगर से बिलासपुर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को रद्द किया गया था, जिसे वापस रिस्टोर कर दिया गया है। 13 एवं 16 मई को टाटानगर से रवाना होने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस और 14 व 17 मई को 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस पटरी पर चलाई जाएगी, जिसमें यात्रियों को बुकिंग की सुविधा भी शुरु कर दी गई है।

### कन्फर्म टिकिट वाले ही कर सकेंगे प्लेटफार्म में प्रवेश

**बिलासपुर।** स्टेशन के प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए यात्रियों को कंफर्म टिकिट ही रखना पड़ेगा। बिना कंफर्म टिकिट के यात्रियों को स्टेशन गेट के बाहर रोक दिया जाएगा। इसका निर्णय रेलवे बोर्ड ने लिया है, जिसकी योजना सभी स्टेशनों के साथ बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में भी जल्द लागू की जाएगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार स्टेशनों पर पूरी तरह से प्रवेश नियंत्रण लागू किया जाएगा। केवल कंफर्म रिजर्वेशन टिकिट वाले यात्रियों को सीधे प्लेटफार्म तक जाने की अनुमति होगी। बिना टिकिट यात्री या प्रतीक्षा सूची टिकिट वाले यात्री बाहर वेटिंग एरिया में रूकेंगे। सभी स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी के लिए बड़ी संख्या में कैमरे भी लगाने के कार्य होंगे।



**बसने से पहले ही उजड़ गया बाजार** | **शासन के कई करोड़ बर्बाद** | **जिले में बनाई गई थीं सैकड़ों दुकानें**

# निर्माण के 10 साल बाद भी नहीं बन सका आबंटन का नियम, अटल बाजार बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई सरकार की अटल बाजार योजना आबंटन नियमों की जटिलता की भेंट चढ़ गई। योजना के अंतर्गत पंचायतों में दस-दस दुकानों के भव्य व्यावसायिक कांप्लेक्स तो बनकर तैयार हो गए, लेकिन निर्माण के दस-दस साल बाद भी इसके आबंटन की दिशा तय नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप बाजार बसने से पहले ही उजड़ गया और सरकार के करोड़ों रूपए बर्बादी की भेंट चढ़ गए।

स्वयं के व्यवसाय की चाहत रखने वाले गांव के युवाओं को दुकान आबंटित कर स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से अटल बाजार योजना लागू की गई थी। शर्मनाक बात यह है कि जिले की पंचायतों में अटल बाजार व्यावसायिक कांप्लेक्स का निर्माण हुए करीब दस साल से भी अधिक हो चुके हैं, लेकिन अब तक इनका आबंटन नहीं किया जा सका है, लिहाजा दुकानें बर्बाद हो चुकी हैं।



अटल बाजार व्यावसायिक परिसर का निर्माण 2008-09 से प्रारंभ किया गया था। बीआरजीएफ योजना से इसके लिए राशि का प्रावधान किया जाता था। वर्ष 2014-15 के आते-आते बीआरजीएफ योजना बंद हो जाने के कारण समग्र विकास योजना से राशि की व्यवस्था की जाने लगी। इसके अंतर्गत पांच दुकानों के निर्माण के लिए 8 लाख 92 हजार रूपए प्रावधानित किए गए थे। इस राशि से न केवल दुकानें, बल्कि 50 मीटर नाली व दुकान के आसपास कांक्रीटीकरण भी करना प्रस्तावित था। योजना की शुरूआत में अविभाजित बिलासपुर जिले में मुंगेली व गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में सैकड़ों दुकानें बनाई गईं हैं। बिलासपुर में ग्राम पंचायत नगोई में दस दुकानों का कांप्लेक्स तैयार किया गया है, लेकिन आबंटन के अभाव में अब ये दुकानें टूटने की स्थिति में पहुंच चुकी हैं। कई दुकानों के शटर तोड़कर चोरी कर लिए गए हैं। बहतराई पंचायत के कांप्लेक्स का भी यही हाल है। दस दुकानें यहां भी बनाई गई हैं, लेकिन दस साल बाद भी न केवल खाली, बल्कि टूटने की कगार पर हैं।

इसी तरह मोपका, लिंगियाडीह, मंगला, सेलर, बैमा, पौंसरा, बरतोरी, लोखंडी व घुटकू सहित सौ से भी अधिक पंचायतों में कांप्लेक्स तैयार किए गए हैं, जो लापरवाही की भेंट चढ़ चुके हैं।

### ऐसे होना था आबंटन

व्यावयायिक परिसर की दुकानों को दो तरीके से से आबंटित करना था। पहला तरीका दुकानों को नीलामी करके 25 साल की लीज पर युवाओं को बिक्री करना था। नीलामी नहीं होने की हालत में दुकान आबंटन का दूसरा तरीका यह था उन्हें युवाओं को किराए पर दे दिया जाए। किराए की दर पंचायतों के प्रस्ताव के आधार पर जनपद द्वारा तय की जानी थी, जो आज तक लंबित है।

### जांच करवाई जाएगी

योजना बहुत अच्छी थी, जिसे नियमानुसार आबंटित करना था। कुछ पंचायतों में आबंटन हुआ है और लोग दुकान चला भी रहे हैं। शेष पंचायतों में दुकानों के आबंटन न हो पाने व दुकानों की जर्जर हालत की जांच करवा लेते हैं।

\- **संदीप कुमार अग्रवाल,** सीईओ जिला पंचायत

### इसलिए नहीं हो पाया आबंटन

नीलामी के लिए दुकानों की लागत का मूल्यांकन जरूरी था, ताकि शासन द्वारा दुकानों पर खर्च की गई राशि की वसूली की जा सके। इसके लिए आरईएस विभाग से मूल्यांकन की कॉपी की जरूरत थी। आरईएस विभाग ने इन दुकानों का निर्माण करीब दस साल पहले किया था, जिससे इसके मूल्यांकन की कॉपी नहीं मिल सकी। कुल मिलाकर दुकानों की न तो नीलामी हो सकी और न ही किराए पर ही दी जा सकीं हैं।

टीआई - तहसीलदार विवाद

# डीजीपी से टीम बनाकर निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तहसीलदार से दुर्व्यवहार व मारपीट के मामले में टीआई तोप सिंह नवरंग को क्लीन चीट देकर उनकी कोटा थाने में पोस्टिंग कर दी गई है। इससे एकबार फिर मामला गर्मा गया है। तहसीलदार ने डीजीपी से लिखित शिकायत कर रायपुर में जांच टीम बनाकर निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

बस्तर जिले के करपावंड में पदस्थ नायब तहसीलदार पुष्पेंद्र मिश्रा का आरोप है कि उनके केस की जांच करने वाले 3 एडीशनल एसपी ने टीआई तोप सिंह नवरंग को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने डीजीपी से मामले की शिकायत करते हुए कहा है 17 नवंबर को तत्कालीन सरकण्डा टीआई नवरंग के द्वारा मारपीट, दुर्व्यवहार, अभ्रदता, गाली गलौज, एवं पद का दुरूपयोग कर झूठा एफआईआर दर्ज करने की धमकी दी गई। कलेक्टर बिलासपुर के लिए भी अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया। विभागीय जांच में कई बिन्दुओं को पुलिस अधिकारी होने के कारण की गई विभागीय जांच समिति द्वारा नजरअंदाज कर टीआई नवरंग को बचाने का प्रयास किया गया है। जांच अधिकारियों द्वारा शिकायत के बिन्दुओं को प्रमाणित नहीं पाया जाना उल्लेख कर स्पष्ट रूप से बचाने का प्रयास किया गया है। सही तरीके से जांच न कर पुलिस अधिकारों का गलत प्रयोग कर जांच को भटकाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने डीजीपी से पुलिस मुख्यालय रायपुर से जांच कमेटी का गठन कर मामले की निष्पक्षता से जांच की मांग की है।

### बदला लेने कोटा थाना भेजा गया

नायब तहसीलदार श्री मिश्रा ने आरोप लगाया टीआई नवरंग की बदला लेने के लिए कोटा थाना पोस्टिंग की गई, जहां उनका भाई पदस्थ है। उन्होंने एडीशनल एसपी आईयूसीएडब्ल्यू गिरमा द्विवेदी, एएसपी उदयन बेहार, एएसपी सिटी राजेन्द्र जायसवाल पर टीआई नवरंग को बचाने का आरोप लगाया है।

### क्या था मामला

17 नवंबर 2024 को नायब तहसीलदार श्री मिश्रा भाई के साथ रेलवे स्टेशन से घर जा रहे थे। अशोकनगर के पास तीन सवारी चलने का आरोप लगाते हुए उन्हें पेट्रोलिंग पार्टी ने रोक लिया। उन्होंने अपना परिचय देते हुए नायब तहसीलदार होना बताया। उसके बाद भी सिपाहियों ने हुज्जतबाती की। उसके बाद वे पुलिस गाड़ी में बैठाकर सरकण्डा थाना लेकर गए। थाने में टीआई नवरंग के द्वारा उनके साथ हुज्जतबाजी की गई थी। शिकायत पर टीआई को नवरंग को लाइन अटैच कर जांजगीर जिला भेज दिया गया था।

# झुलसा रही गर्मी, बादल की आवाजाही से बदल सकता है मौसम का मिजाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी ने बेहाल कर रखा है, सुबह 10 बजे के बाद बाहर निकलने वालों को गर्मी के प्रचंड तेवर के आगे झुलसाना पड़ रहा है, लेकिन शाम होते-होते बादलों की आवाजाही भी हो रही है, जिससे मौमस का मिजाज बदलने की उम्मीद लग रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों के भीतर अंधड़ चलने की आशंका है और दिन के समय तापमान भी बढ़ सकता है।

प्रदेश सहित जिले में गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है, इस दौरान रायपुर और बिलासपुर में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ रही है। गर्मी के चलते शाम 7 बजे तक लू चल रही है, लू के प्रभाव में आने के कारण लोगों की तबीयत भी बिगड़ रही है, पेट दर्द, बुखार और अन्य बीमारी के चलते डाक्टरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इस दौरान न्यूनतम तापमान भी बढ़ चुका है। जिसके चलते दिन के साथ ही रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार बिहार और झारखंड से जुड़ी द्रोणिका रेखा, पश्चिमी विक्षोभ और अन्य मौसमी तंत्रों के प्रभाव के चलते प्रदेश में मौसम में बदल सकता है।



### सिनॉप्टिक सिस्टम का प्रभाव

पंजाब और आस-पास के क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर चक्रवाती परिसंचरण के रूप में सक्रिय है। द्रोणिका 5.8 किमी की ऊंचाई तक फैली हुई है। अन्य द्रोणिका बिहार के मध्य भाग से दक्षिण झारखंड तक विस्तारित है, जो 1.5 किमी की ऊंचाई तक है। साथ ही कुछ स्थानों पर 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने और बिजली गिरने की आशंका बनी हुई है।

दोपहर गाड़ियों में जाना पसंद नहीं कर रहे हैं यात्री

# गर्मी में जनरल व स्लीपर खाली, एसी फुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी में जनरल और स्लीपर कोच खाली-खाली जा रहे हैं, लेकिन एसी कोच में बर्थ के अनुसार यात्रियों की संख्या बनी है। इसके कारण एसी फर्स्ट से लेकर एसी थ्री में सफर करने के लिए कई लोगों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल पा रही है। वहीं सुबह से दोपहर में चलने वाली गाड़ियों के जनरल व स्लीपर कोच में यात्री भी जाना पसंद नहीं कर रहे हैं।

दोपहर की तेज धूप के कारण स्लीपर और जनरल के कोच भी ऊपर से गर्म हो जा रहे हैं, जिसकी वजह से कोच के अंदर बैठकर सफर करने वाले यात्रियों की हालत भी बिगड़ने लगी है। इस तरह की परेशानी लोकल, पैसेंजर के अलावा एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों के स्लीपर एवं जनरल कोच के यात्रियों को हो रही है। सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट में आगे और पीछे मिलाकर चार जनरल कोच और 11 से 12 स्लीपर कोच में सफर करने वाले यात्रियों की हालत पिछले कुछ दिनों से काफी खराब हो गई है। सुबह से शाम तक भीषण गर्मी के साथ तेज धूप और चलती ट्रेन में गरम हवाओं के थपेड़ों की वजह से यात्री परेशान होने लगे हैं। इसकी वजह से अब ज्यादातर यात्रियों की पहली पसंद एसी कोच हो गई है। एसी थ्री, एसी सेकेंड और एसी फर्स्ट में ज्यादा किराया लगने के बावजूद 50 से 75 फीसदी यात्री एसी कोच में बुकिंग करने लगे हैं, जिसके कारण कई लोगों को कंफर्म बर्थ मिलना भी मुश्किल हो गया है। मजबूरी में यात्रियों को सफर करने के लिए स्लीपर कोच की बुकिंग करनी पड़ रही है। इसका नतीजा यह हो गया है कि स्लीपर की तरह अब एसी कोच की वेटिंग भी बढ़ गई है।



भीषण गर्मी के चलते रेलवे स्टेशन में पसरा सन्नाटा।

### तत्काल में भी वेटिंग

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में सारी ट्रेनों के एसी कोच की वेटिंग काफी बढ़ जाती है। एसी कोच में अगर एक भी वेटिंग हो तो उसे सफर करने की अनुमति नहीं है। गर्मी अधिक के कारण एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक हो गई है, जिसकी वजह से तत्काल ओपन होते ही यात्रियों को बड़ी मुश्किल से कंफर्म टिकिट मिल पा रही है।

### ट्रेनों की वेटिंग

- हावड़ा की ट्रेनो में 12261 हावड़ा दूरंतो के थ्री ए में 35, टू ए में 28, 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस के 3ए में 55, 2ए में 40, 12809 हावड़ा मेल के थ्री ए में 42, 12129 आजाद हिंद एक्सप्रेस के थी ए 35, 12859 गीतांजली एक्सप्रेस थ्री ए 67, 2ए 29, 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस थ्री ए 55, 22905 ओखा-शालीमार 3ए 18 की वेटिंग चल रही है।
- मुम्बई की ट्रेनों में 12810 हावड़ा-सीएसटीएम मेल के एसी थ्री में 28, 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस के थ्री ए में 58, 2ए में 25, 12860 हावड़ा-मुम्बई गीतांजली एक्सप्रेस के थ्री ए 52, 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी 3ए 56, 12102 ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स के थ्री ए 58, 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस थ्री ए 66, 22512 कर्मभूमि एक्सप्रेस थ्री ए की 103, 12880 भुवनेश्वर एलटीटी थ्री ए 56 वेटिंग है।
- दिल्ली और प्रयागराज की ट्रेनों में 18477 उत्कल एक्सप्रेस के थ्री ए 108, 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस एसी थ्री 38, 12823 छत्तीसगढ़ संपर्कक्रांति थ्री ए 29, जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस के एसी थ्री 55 और एसी टू में 28, 15160 सारनाथ एक्सप्रेस एसी थ्री में 111, 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस एसी थ्री में 35 से वेटिंग है।



## खबर संक्षेप

### समाजसेवी शिव को मिला भारत गौरव अलंकरण



**बिलासपुर।** समाजसेवी शिवा प्रताप साव को बिहार गोपालगंज थावे विद्यापीठ द्वारा भारत गौरव अलंकरण देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जगन्नाथ मंगलम परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य दिवाकर नाथ बाजपेई मुख्य अतिथि, थावे विद्यापीठ के कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक अध्यक्षता एवं डॉ. जंग बहादुर पांडे प्रतिकुलपति, डॉ. पीएस दयाल यति कुलसचिव थावे विद्यापीठ तथा डॉ. प्रद्युम्न कुमार सिंह अध्यक्ष राष्ट्र सृजन अभियान दिल्ली के विशेष आतिथ्य उपस्थित हुए। प्रमुख अतिथि डॉ.बाजपेई ने कहा कि थावे विद्यापीठ ने समाजसेवी शिव प्रताप साव को भारत गौरव का जो अलंकरण प्रदान किया है यह सचमुच अभिनंदनीय है। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि शिव प्रताप साव विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी है, उन्होंने यह सम्मान पाकर हमारे जिला व राज्य का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर विष्णु कुमार तिवारी, भगवान प्रसाद, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, राजेंद्र ओझा, सत्येंद्र कुमार तिवारी, बाल गोविंद अग्रवाल, डॉ. राजेंद्र दुबे, डॉ. विवेक तिवारी, केशव शुक्ला, शीतल प्रसाद पटनवार आदि ने शोधपत्र प्रस्तुत किया।

### सिम्स में मना नर्सिंग डे, स्टाफ को दिलाया गया सेवा भाव से काम करने का संकल्प

**बिलासपुर।** नर्सिंग डे के अवसर पर सिम्स अस्पताल और मेडिकल कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सिम्स में कार्यरत नर्सिंग सिस्टम व कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। डीन द्वारा नर्सिंग स्टाफ को सेवा भावना से काम करने का संकल्प दिलाया गया। डा. मूर्ति ने कहा कि जहां डाक्टरों को भगवान का दर्जा दिया जाता है, वहीं नर्सिंग स्टाफ डाक्टरों की सबसे बड़ी सहायिका है, बिना नर्सिंग स्टाफ के अस्पताल का परिचालन करना नामुमकिन है। नर्सिंग सिस्टर द्वारा ही मरीजों की बेहतर देखभाल की जाती है। सेवा भावनाओं से काम करने का संकल्प लेकर नर्सिंग स्टाफ इस भावना का प्रबल करती है। नर्सिंग साइंस की छात्राओं ने आकर्षक रंगोली भी बनाई थी। सिम्स में नर्सों के द्वारा मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें ज्यादातर नर्सों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस वर्ष की थीम अवर नर्स और फ्यूचर फेयरिंग फार स्ट्रैंथ इकोनामी रखा गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नर्सिंग सिस्टर उज्ज्वला दास, सरिता बहादुर, नमिता वाणी, पिंकी दास, राजकुमारी चौहान, अंजू लक्ष्मी, नेहा, पुष्प लता शर्मा, पल्लवी, चंचल ध्रुव, वंदना सिंन्हा, निशा ओशिल, अंकिता दास, उपासना चंद्रवंशी, एंजेला मेंस, दिनेश निर्मलकर का विशेष सहयोग रहा।

# पानी की समस्या को लेकर कांग्रेसी मिले कलेक्टर से, सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में पानी की किल्लत , दूषित पेयजल समस्या को लेकर मंगलवार को पूर्व विधायक शैलेश पांडे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल कलेक्टर संजय अग्रवाल से मिला। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अमित कुमार और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल एवं अतिरिक्त कलेक्टर व अन्य अधिकारी भी कक्ष में उपस्थित थे।

पूर्व विधायक ने कलेक्टर से चर्चा करते हुए कहा कि शहर में पानी की समस्या को दूर करने के लिए और जलस्तर सुरक्षित रखने के लिए कांग्रेस शासनकाल में अरपा नदी में दो बैराज बनाने का काम शुरू कराया था ताकि अरपा में पानी रहे और शहर का जल स्तर बना रहे। लेकिन अभी तक अरपा बैराज का काम अधूरा है जिसकी वजह से अरपा में पानी नहीं होने से शहर में जलस्तर नीचे जा रहा है। बोरिंग फेल हो रहे हैं और लगभग 70 में से 55 वार्डों में बोरिंग फेल होने से पानी की समस्या बनी हुई है। कलेक्टर ने भरोसा दिलाया है कि जहां पर गंदे पानी की शिकायत मिल रही है पानी की जांच कराई जाएगी और मौके पर ही निगम आयुक्त अमित कुमार को कलेक्टर ने गंदे पानी की जांच करने से निर्देश दिए । इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, उप नेता प्रतिपक्ष संतोषी रामा बघेल, पार्षद दिलीप पाटिल, अमित भारते,ओम कश्यप , रीता कश्यप,अनीता कश्यप, पूर्व पार्षद दीपांशु श्रीवास्तव, रामा बघेल, शंकर कश्यप, अखिलेश गुप्ता, हिमांशु कश्यप के अलावा काफी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## कांग्रेस करेगी धरना-प्रदर्शन

कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या, किसानों की समस्या और बोर खनन में प्रतिबंध तथा कोल वाशरी के कारण प्रदूषण, पानी, फसल बर्बाद होने पर समुचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रशासन स्तर पर कार्रवाई नही होने की स्थिति में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी के नेतृत्व में कलेक्टर से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। भूजल स्तर में भी इसी के अनुरूप तेजी के साथ गिरावट दर्ज की जा रही है। बिलासपुर जिले के अमूमन सभी ब्लॉकों में पानी की किल्लत होने लगी है। तखतपुर, बिल्हा, बेलतरा और मस्तूरी ब्लॉक के ग्रामीण इलाकों में साल दर साल लोगों को गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से निपटना ही पड़ता है। दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। प्रशासन को इस दिशा में गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, पूर्व सभापति शेख नजरूद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष प्रमोद नायक, प्रवक्ता ऋषि पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू, गजेन्द्र श्रीवास्तव, गौरव एरी, राजेश ताम्रकार आदि शामिल थे।

# सड़क चौड़ीकरण: नोटिस के बाद गरमाया मामला



हाईकोर्ट के निर्देश के बाद शनिचरी रपटा से अपोलो अस्पताल चौक और राजकिशोरनगर से अपोलो चौक के बीच बेजा-कब्जा को हटाने के बाद नगर निगम द्वारा 80 फीट चौड़ी सड़क बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए नगर निगम द्वारा लोगों को नोटिस जारी किए जाने के बाद मामले गरमाने लगा है और मंगलवार को भाजपा व कांग्रेस के पार्षदों के साथ मोहल्लेवासी कलेक्टोरेट घेराव करने पहुंचे थे।

इस मामले को लेकर आज उस क्षेत्र के भाजपा व कांग्रेस के पार्षद एकजुट नजर आए और मोहल्लेवासियों की भीड़ के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे थे। मोहल्लेवासियों और नेताओं की नाराजगी इसी बात को लेकर थी कि सड़क निर्माण में नगर निगम द्वारा दोतरफा मापदंड अपनाया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल से चर्चा करते हुए कांग्रेस व भाजपा के नेताओं ने नगर निगम पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। आज कलेक्टोरेट घेराव करने पहुंचे लोगों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी, पूर्व पार्षद बजरंग बंजारे, कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी किशोर अहिरवार, शशिमानि बंजारे एवं भाजपा पार्षद रेखा सूर्यवंशी, भाजपा पार्षद शैलेष देवांगन सहित मोहल्लेवासी शामिल रहे।

## एजुकेशन प्लस

### बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष की छात्राओं को दिया गया फेयरवेल



**बिलासपुर।** बिलासा इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं की विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अंशुल मुदलियार, कालेज की प्राचार्या बीना चौहान ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने अपने वरिष्ठ छात्र-छात्राओं पर पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया। कालेज के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, नाटक, देवी गीत, दहेज गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई। बीना चौहान ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मेहनत के साथ पढ़ाई करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लगन के साथ पढ़ाई करने पर ही कामयाबी मिलेगी। प्राचार्य डॉ. त्रिपाठी ने भी छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी।

### चौकसे कॉलेज का प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम रहा शानदार








**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के बीएससी बायो एवं बीएससी बायोटेक्नोलॉजी के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित हुए हैं, जिसमें विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। उनका परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स अटल बिहारी वाजपेयी से संबृद्ध है, यूजीसी से 2(एफ) मान्यता प्राप्त है, एवं एआईसीटीई और बीसीआई (नई दिल्ली) से स्वीकृत है। परीक्षा परिणाम के आधार पर बीएससी बायोटेक से सी प्रियांशी राव ने 78.30 % के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है, वहीं जसप्रीत कौर सलूजा 76.92% के साथ द्वितीय स्थान पर रही और संदीप यादव ने 72.61% पाकर तृतीय स्थान पाया। बीएससी बायो में देवयानी कंवर ने 75.38% पाकर प्रथम स्थान हासिल किया। गीतेश्वरी पटेल ने 73.84% लाकर द्वितीय स्थान एवं मेघा कैवर्ट ने 72.76% लाकर तृतीय स्थान पर रहीं। कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के परिश्रम, समर्पण और निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम भी रोशन किया है। कॉलेज के रजिस्ट्रार ने भी छात्र-छात्राओं के सफलता के लिए उन्हें बधाई दी।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 14 मई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## सीबीएसई दसवीं, बारहवीं में शहर के स्टूडेंट्स ने लहराया परचम

# सपनों को लगे पंख...

सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं परीक्षा परिणाम मंगलवार को दोपहर जारी हुए, इसमें शहर के कई छात्रों ने सर्वाधिक अंक लाकर स्कूल और माता-पिता का नाम रौशन किया है। जिसमें डीपीएस स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा निष्ठा अख्यानिया ने 96.8 प्रतिशत अंक लाकर शहर में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है, छात्रा निष्ठा ने बताया की बिना तनाव लिए एनसीईआरटी को लगातार पढा,सेल्फ स्टडी और स्कूल टीचरों के सपोर्ट से ये मुकाम हासिल किया है। वे भविष्य में साइकोलॉजिस्ट बनना चाहती हैं। इसी तरह ब्रिलिएंट स्कूल की छात्रा मिमांशा अग्रवाल ने कक्षा 12 वी में साइंस विषय में 96.6 प्रतिशत अंक पाकर स्टेट में टॉप किया है। इन्होंने बताया की वे डॉक्टर बनना चाहती हैं, उन्होंने सेल्फ स्टडी कर सर्वाधिक अंक अर्जित किया है। कक्षा 10वी में ब्रिलिएंट स्कूल बहतराई के ही दो छात्राओं ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया है, इसमें नाईशा शर्मा 98.2 व समृध्दि सिंह 98.2 अंक लाकर गौरवान्वित किया है। इन्होंने बताया की नियमित सेल्फ स्टडी कर और टीचरों के गाईडेंस से ही यह परिणाम प्राप्त हुआ है। टॉपर्स छात्रों ने अपनी सफलता के टिप्स शेयर किए,उन्होंने कहा कि सेल्फ स्टडी पर फोकस किया। सोशल मीडिया से पूरी तरह दूर रहे। गोल सेट कर तैयारी की और इस तरह अपना बेस्ट दिया।

## फिर से बेटियों ने मारी बाज़ी

# सीबीएसई रिजल्ट : 12वीं में 82.17%, 10वीं में 90.52% पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीबीएसई बोर्ड ने 2025 के 10वीं और 12वीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। जिले के साथ प्रदेश के विद्यार्थियों ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन किया है। 10वीं कक्षा में ओवरऑल पास प्रतिशत 90.52% रहा, जबकि 12वीं कक्षा में 82.17% छात्र सफल हुए। दोनों ही कक्षाओं में छात्राओं ने छात्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में छत्तीसगढ़ से कुल 31,911 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 31,711 ने परीक्षा में हिस्सा लिया, जिनमें 16,696 छात्र और 15,015 छात्राएं थीं। कुल 26,057 विद्यार्थी पास हुए जिनमें 13,344 छात्र और 12,713 छात्राएं शामिल हैं। छात्रों का पास प्रतिशत 79.92% रहा जबकि छात्राओं का 84.67% रहा।

इसी तरह 10वीं के नतीजे और भी बेहतर रहे। कुल पास प्रतिशत 90.52% रहा। इसमें छात्रों का परिणाम 88.94% और छात्राओं का परिणाम 92.31% रहा। इस तरह 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं में छात्राओं ने बाज़ी मारी है।



12वीं की छात्रा निष्ठा अख्यानिया माता-पिता के साथ।



10वीं की छात्रा नाईशा शर्मा ने पूरे परिवार के साथ खुशियां मनाई



ब्रिलिएंट स्कूल की छात्रा मिमांशा अग्रवाल को माता-पिता मिठाई खिलाते हुए।

## डीपीएस के विद्यार्थियों का 12वीं बोर्ड में शत प्रतिशत परिणाम

दिल्ली पब्लिक स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों ने बेहतरीन परिणाम अर्जित किया है, भुवनेश्वर रीजनल सेंटर बोर्ड सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा घोषित 10वीं 12वीं में बिलासपुर नगर की प्रावीण्य सूची में प्राप्त किया है।

कक्षा 12वीं से निष्ठा अख्यानिया 96.8% ,युवराज वर्मा 96.2%, निकुंज कान्हा अग्रवाल 95.4%, जिनी सेलिना खान 95.4% ,वेद श्री बेहरा 93.8% ,मेंकला नामदेव 93.8%, मान्या श्री शर्मा 93.8%, भव्य सिंह 93.4%, आदित्य राज 93% ,आराध्या पांडे 92.6%, शुभ अग्रवाल 92.4%, रुद्रांश सिंह 91.8% तथा मृत्युंजय सिंह चौहान 90.4% के साथ विद्यालय की प्रवीण सूची में शामिल हुए। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह ने विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम के लिए शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में एक बार फिर बेहतरीन परिणाम से संस्था को गौरवान्वित वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## आधारशिला सैनिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

आधारशिला सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह रिजल्ट केवल कुछ अंक मात्र नही बल्कि छात्रों की मेहनत का परिणाम है। विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनास्वामी ने छात्रों की सफलता पर उन्हें बधाई दी और कहा कि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत एक दिन उन्हें उनके लक्ष्य तक अवश्य पहुंचाएगी।



12 वीं कक्षा में मीनाक्षी धीवर ने 94% अंक पाकर पहला स्थान, अथर्व बहर 93% दूसरा स्थान तथा छवि अग्रवाल 91.4% ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जिसमें गणित वर्ग में अथर्व बहर ने 93% ,आर्यन साहू 78%,शब्द भारद्वाज 77% ,कान्हे गढ़ेवालिया 75.4%,सार्थक कश्यप 73.6%,बायो वर्ग में शुभ्रा देवांगन 81.2% ,आदित्य जगत 80.6%, विश्वजीत श्रीवास 80.2%,कनिष्क खांडे 62.2% ,सुमन साहू 68. 4%, वाणिज्य वर्ग में छवि अग्रवाल 91.4% , रुद्र देंगोरिया 85% जया सिंह 82%,अवनीश गुप्ता 81.4 %, हिमेश कश्यप 60% तथा कला वर्ग में मीनाक्षी धीवर 94% , रिमझिम खंडेकर84% , तहज़ीब परवीन76.2%,अरुन्धती शर्मा 70.2 %, भारती कैवर्त ने 70.2% अंक प्राप्त किया है।

## बर्जेश स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत



कक्षा 12वीं में भी विद्यार्थियों ने कॉमर्स संकाय में अनुषा नायर 96.6%,वंशिका कश्यप 94.2%, काजल तंबोली 90.6% प्राप्त किया है। साइंस संकाय में अकुल सोनी 90.2%,रुद्र प्रताप सिंह 90% अनुश्री श्रीवास्तव 85, यथार्थ उपाध्याय 83% प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन के सचिव जयदीप रॉबिंसन ने उपलब्धि पर कहा कि बर्जेस अंग्रेजी शाला न केवल शहर की सबसे पुरानी शिक्षण संस्था है, बल्कि यह शिक्षा के क्षेत्र में नई उंचाइयों को छू रही है।

## कक्षा 12वीं में साक्षी तिवारी ने किया टॉप



सेंट जेवियर्स हाई स्कूल व्यापार विहार के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। साक्षी तिवारी ने 472 में से 500 अंक प्राप्त कर 94.4% अंकों के साथ स्कूल टॉप किया। इसी तरह मेधा खुबलकर 94.2%,प्रीत बग्गा 92.4%, अभय विश्वकर्मा 92.2%प्राप्ति भोन्सले 92.2%,तानिष्का मंगेश फाये 91.6%,वंशिका राय 91.0%, ऊर्जा मिरी 90.8%, इशिता भक्तानी 90.6%,सौम्यता नाग 90.2%, इशिका देवांगन 90.2%, सौम्या धीरज 90.0%,अंजली गोस्वामी 89.8% प्राप्त किया है।

## द जैन स्कूल के छात्रों ने कक्षा 12वीं में किया शानदार प्रदर्शन



बारहवीं सीबीएसई बोर्ड में द जैन इन्टरनेशनल स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने अधिक अंक अर्जित कर अपना नाम टॉपर्स की सूची में दर्ज किया। जिसमें लहर अग्रवाल 96.2 ,वैदेही जैन 96, मुस्कान माधवानी 95.8, इनसियाईजी 95.8, दीपक अग्रवाल 93,आयुश अग्रवाल 93, सौम्या तिवारी 92.8, नमामी पेण्डलवार 92.6, तान्या पटेल 92.4,पखुंड़ी माधवानी 92.4, अषराज सिंह छाबड़ा 92.2, संस्कारअग्रवाल 92,कुनाल मित्तल 90.4, इषिका केड़िया 90.4 हासिल किया है। स्कूल के प्रबंधक अशोक अग्रवाल, निर्देशिका अनिता अग्रवाल, उप प्राचार्य जयंती बैनर्जी एवं विद्यालय परिवार ने बधाई दी।

## धृति ने 12वीं में लाए 93 प्रतिशत



सेंट फ्रांसिस स्कूल की छात्रा धृति सिंह ने कॉमर्स विषय में 93% अंक प्राप्त करके स्कूल, माता-पिता का नाम रोशन किया है। टॉपर छात्रा भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती है । पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तथा माया सिंह की बेटी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करने पर स्कूल तथा शहर में हर्ष व्याप्त है।

## रूद्र को मिले सर्वाधिक अंक



मॉडर्न एजुकेशनल एकेडमी के छात्र रुद्र शर्मा ने आर्ट्स संकाय में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। टॉपर छात्र रुद्र भविष्य में सिविल जज बनना चाहता है। रुद्र शर्मा विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री राजीव शर्मा एवं ज्योति शर्मा के पुत्र हैं ।

## छात्र चिन्मय ने 12वीं में अर्जित किए 94.5% अंक



नई दिल्ली स्थित मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड के छात्र चिन्मय झा ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में 94.5% अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि ने पिता प्रवीण झा और माता कल्पना झा सहित पूरे बिलासपुर अंचल को गौरवान्वित किया है। चिन्मय की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने न केवल अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की है, बल्कि सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई है।

## सानिध्य बनना चाहते हैं इंजीनियर



सानिध्य मिश्रा ने दसवीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके डीएवी स्कूल और अपने परिवार को गौरवान्वित किया। ये डॉ प्रवीण मिश्रा और रागिनी मिश्रा के सुपुत्र हैं। वे अपने प्रिय खिलाड़ी विराट कोहली की तरह मेहनत करके कंप्यूटर इंजीनियर बनना चाहते हैं। ये कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला के भांजे हैं।

## मेहनत का मिला फल



डीपीएस स्कूल के छात्र कृष्णम साहू ने दसवी बोर्ड में 95.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल सहित माता-पिता का नाम रोशन किया है। इनके पिता रवि कुमार साहू व माता सरिता साहू हैं। इन्होंने हर्ष जाहिर कर कहा की आज जो परिणाम हासिल किया है,यह मेहनत का फल है।

## काजल को 12वीं में 90.6 अंक



बर्जेश इग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा कुदुडंड निवासी काजल तंबोली ने कॉमर्स संकाय में कक्षा 12वी में 90.6 अंक लाकर शहर को गौरवान्वित किया है। इन्होंने बताया की एमबीए की आगे पढाई करना चाहती हैं, इनके पिता पत्रकार कृष्णा तंबोली व माता त्रिवेणी तंबोली है। जिन्होंने इस परिणाम पर हर्ष जाहिर कर शुभकामनाएं दी हैं। बड़े पिताजी दुर्गा तंबोली ने भी बधाई दी है।

## श्रुति ने 93% अंक किया हासिल



डीएवी स्कूल की कक्षा 12 वी की छात्रा मैथ्स फैकल्टी से श्रुति गुईन ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया। श्रुति,स्वरूप कुमार गुईन और अल्पना गुईन की सुपुत्री हैं।

## अंशिका ने 93% अंक प्राप्त किया



डीएवी स्कूल की छात्रा अंशिका शर्मा ने कक्षा 10वी सीबीएसई बोर्ड में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस परिणाम पर पिता राजेंद्र धर शर्मा ने हर्ष जाहिर कर शुभकमानाएं दी है। इस मौके पर इन्होंने कहा की टीचर्स का सपोर्ट और मागदर्शन से यह अंक हासिल हुआ।

## अन्वेशा को 94.8% अंक



बिलिएंट स्कूल की छात्रा अन्वेशा जयसवाल ने कक्षा 10वी में 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस मौके पर पिता अजय जयसवाल ने खुशी जाहिर कर बेटी के मेहनत का परिणाम बताया है। इन्होंने कहा की अन्वेशा ने निरंतर एग्जाम की तैयारी के लिए पढाई की थी।

## श्रेयश ने 10वीं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, सीए बनने का सपना



10वीं कक्षा के परिणामों में न्यायधानी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, वसंत विहार के छात्र श्रेयश गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया। श्रेयश ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। वे कक्षा 11वीं से कॉमर्स विषय में पढ़ाई कर भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का लक्ष्य हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पिता डॉ. सुनील गुप्ता, माता डॉ. रजनी और विद्यालय के गुरुजनों ने गर्व व्यक्त किया। गौरतलब है कि श्रेयश की बड़ी बहन, श्रेया गुप्ता, भी इसी विद्यालय की पूर्व छात्रा थी और वर्तमान में लखनऊ के एक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में पीजी में चिकित्सकीय शिक्षा प्राप्त कर रही हैं।



ब्रिलियंट स्कूल की छात्रा समृद्धि सिंह ने कक्षा दसवीं में 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इस मौके पर माता-पिता व परिवार ने खुशी जाहिर की है।

## डीपीएस के छात्रों ने 10वीं में शत प्रतिशत परिणाम



कक्षा दसवीं में अंशुमन अग्रवाल ने संस्कृत में, मरियम सैफ और यश देवांगन ने मैथ स्टैंडर्ड में, जीविशा सिंह और अमिताशा सोनी ने आईटी में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं में 97.8% प्रकार सौजन्य सिंह राजपूत ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया,मरियम सैफ ने 97.6% के साथ द्वितीय स्थान अंशुमान अग्रवाल 97.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर, यश देवांगन, जीविषा सिंह, अमिताशा सोनी तथा श्रीया अग्रवाल 96.2 %, अश्मि पांडे 96% अहाना साहू 95.8% तथा हर्षिता गंगवानी 95.6 कृष्ण साहू 95.2 % के साथ विद्यालय की मेरिट सूची में स्थान बनाने में सफल रहे।

## आधारशिला स्कूल 10वीं के छात्र उत्तीर्ण

दसवीं कक्षा के छात्रों में हर्षिता पांडेय ने 97%,तान्या देहरिया 96.2% , तृप्तिका 94%,अंशी पाठक 93.4%, ईशा खंडेकर 92.2%, अदिति शर्मा 92% ,अनमोल सिंह 91% , अथर्व मिश्रा 90%, चिन्मय पटेल 90% , दीपाली पाण्डेय 89.4 % अंक हासिल किए हैं। ये बच्चे अपने रिजल्ट को लेकर बेहद उत्साहित दिखे, उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और लगन के बलबूते बड़े से बड़ा लक्ष्य पाया जा सकता है, लेकिन एक सही मार्गदर्शन के बिना यह सम्भव नही है, इसलिए विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता के लिए अपने गुरुओं और परिवारजनों को भी धन्यवाद दिया ।

## बर्जेश स्कूल के 10वीं के छात्रों ने लहराया परचम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में बर्जेस अंग्रेजी शाला ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर एक बार फिर उत्कृष्टता का परचम लहराया। शाला की प्राचार्या निशिता हंसा दास ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 10वीं में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जिसमें शिवम कुमार 90.6%,अथर्व प्रजापति 90.4%,मौर्य सानिध्य 87.4%,जेनिश साहू एवं जतिन कौशिक 86.4%,ॠतुराज नामदेव 86.2,अनिकेत कैवर्त 85.8%,सिद्धि दुबे 84.8%

## सेंट जेवियर्स व्यापार विहार स्कूल के 10वीं छात्र अव्वल



कक्षा 10वी में तनुश्री भद्र 95.6%,श्रेय भर्ति 93.6%,शिखा ठाकुर 93.4%,प्रतिक्षा रानी बेहरा 93.2%,अभिजीत सिंह दिवाकर 93%,मोनोटोश मालाकार 92.6%इशिता रॉय 92.4%,एकांश देवांगन 91.8%,रचित अनंत 91%तनुश्री कश्यप 90%,अस्मी शर्मा 90% हासिल किया है। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सह सीईओ डॉ. बी. बी. महाता ने सभी विद्यार्थियों को उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की और कहा कि ऐसे शानदार परिणाम समर्पित सामूहिक प्रयासों का प्रमाण हैं। प्रबंध निदेशक डॉ. जी. एस. पटनायक, निदेशक लेखाश्री पटनायक, प्रबंधन सदस्य दिव्याश्री पटनायक, उप-प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापिका ने भी सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## द जैन इंटरनेशनल के विद्यार्थियों नें उत्कृष्ट प्रदर्शन



कक्षा दसवीं में द जैन इंटरनेशनल के विद्यार्थियों नें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल को गौरान्वित किया, जिसमें सकिना ईजी 97.6, ऐश्वर्या अग्रवाल 96.2 देवांष श्रीवास्तव 96,आराध्या गुलहरे 95.2, जान्हवी राय 95.2, पायल पस्तारिया 95, संस्कृति अग्रवाल 94.4, अनमोल वलेचा 94, हृदया मिश्रा93.2, रिषिका चौधरी 93.2, ओम सिंह 92.8, अद्वित्य तिवारी 92.6, पलाष वलेचा 92.2, शौर्य केड़यि 91.8, योषिता सिंह ठाकुर 91.6 ने प्राप्त किया है।

## केपीएस के 30 से अधिक छात्रों ने 90% से अधिक अंक लाए

कृष्णा पब्लिक स्कूल, ने सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त कर एक बार फिर उत्कृष्टता का प्रमाण दिया है। इस वर्ष विद्यालय के 32 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। जिसमें आन्या जैन 98.2%,आर्चित शर्मा 97.8%,अकर्ष ठाकुर 97.8%, रुशिल भास्कर 97.4%,खुशी इदनानी 97.2%,भूमिका अग्रवाल 97%,आदर्श ठाकुर 96.6%,अंबर प्रथम तांबोली 95.2%,के.वी.एस. श्रीकर 94.2%,याशिका लालचंदानी 93.8%, यशस्वी तिवारी 93.8%,उप्परापल्ली शिव साई राव 93.6%,आदित्य मिश्रा 93.4%,आयुषी शर्मा 92.8% गरिमा शर्मा 92.4%, शौर्य विराटिया 92.4%,आशीष कुमार अग्रवाल 92, श्रेय घोष 91.4%,डिम्पल कंवर 91 हर्षिता बंजारे 90.8% तुलसी दुबे 90.4, ओशी यादव 90.2% सहित कुल 32 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहे, जो विद्यालय की अकादमिक गुणवत्ता को दर्शाता है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर शैक्षणिक निदेशक सविता त्रिपाठी, प्रशासनिक निदेशक आलोक त्रिपाठी, वेदांश की प्राचार्या रूनकी अंबष्ठा, उप-प्राचार्य रमन मिश्रा, अजय पांडे एवं चंद्रेश घृत ने सभी छात्रों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी और उनके परिश्रम की सराहना की।

## जिला व स्कूल टॉपर घोषित न करने के निर्देश

सीबीएससी की नीति के अनुसार बोर्ड किसी भी कक्षा में मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता है और न ही टॉपर्स की घोषणा की जाती है। साथ ही स्कूलों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी छात्र को जिला या स्कूल टॉपर घोषित न करें। रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्र अपनी मार्कशीट डिजिलॉकर या अन्य माध्यमों से ऑनलाइन देख सकते हैं, लेकिन ये केवल अस्थायी होती है। आधिकारिक व मूल मार्कशीट स्कूल द्वारा बाद में दी जाएगी, जो आगे की पढ़ाई और सरकारी कार्यों के लिए जरूरी होती है।

## खबर संक्षेप

### आवास का भूमिपूजन करने पहुंचे जपं अध्यक्ष कौशिक



**बोदरी।** ग्राम पंचायत बरतोरी के आश्रित ग्राम हथकोड़वा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट आवास योजना के तहत बने पक्के मकानों का भूमिपूजन किया गया। जनपद अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक एवं पूर्व सभापति डॉ लक्ष्मण यादव ने 7 हितग्राहियों के मकान का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मनहरण नेताम सरपंच ग्राम पंचायत बरतोरी, नरेश जायसवाल मिडिया प्रभारी भाजयुमो, राजेन्द्र डहरिया, प्रहलाद मांडले, नरोत्तम, खेलन मांडले एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कलेश्वर ने कलेक्टर को भेंट किया जादुई पिटारा



**बिल्हा।** बिल्हा के शिक्षक कलेश्वर साहू ने मंगलवार को बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल से भेंट कर उन्हें जादुई पिटारा भेंट किया। कलेक्टर के पूंछने पर कलेश्वर ने जादुई पिटारे के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस सत्र राज्य परियोजना कार्यालय के तहत सभी प्राथमिक विद्यालयों को जादुई पिटारा निर्माण हेतु 2 हजार रुपए आबंटित किया गया है। साथ ही कलेक्टर ने उनके विद्यालय के बच्चों के शिक्षा स्तर, विद्यालय की विभिन्न गतिविधियां व शिक्षकों के बारे में भी जानकारी ली। कलेश्वर साहू ने कलेक्टर को अपने विद्यालय में आने का आमंत्रण भी दिया। इस दौरान कलेश्वर व कलेक्टर के बीच जादुई पिटारा, शाला समय के पश्चात नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय की तैयारी, जिले के पहले एफएलएन-टीएलएम मेले तथा आगामी सत्र में आयोजित होने वाले विभिन्न गतिविधियां व कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई।

### आर्यव्रत ब्राह्मण महासभा ने किया पं सागर का सम्मान



**लोरमी।** श्रीमद्भागवत कथा में आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं सागर मिश्रा को श्रीफल, शाल, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। राकेश तिवारी ने कहा कि पंडित सागर मिश्रा ने बहुत ही कम उम्र में इतनी प्रसिद्धि प्राप्त कर विप्र समाज को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि एक राजा और विद्वान में कभी कोई तुलना नहीं की जा सकती। एक राजा तो केवल अपने राज्य में सम्मान पाता है, वहीं एक विद्वान हर जगह सम्मान पाता है। हमें हमारे क्षेत्रीय वक्ता पंडित सागर मिश्रा पर गर्व है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, विधायक धर्मजीत सिंह, नंदकिशोर वैष्णव राजेन्द्र तिवारी, बुधराम डडसेना, अभिजीत तिवारी, संतोष शर्मा, मुकुल तिवारी, महेन्द्र द्विवेदी, सौरभ तिवारी, नरेश दुबे, निलेश दुबे, सुर्यकांत शर्मा, विद्यानाथ शर्मा, हर्ष शर्मा, यश शर्मा सहित सभी आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी एवं आयोजक राजेन्द्र पाटकर,नरेंद्र पाटकर सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी के द्वारा श्री अर्शी दाल मिल प्रो. अनीस जालियावाला पिता मो.याकूब जालियावाला एवम महक इंडस्ट्रीज प्रो. जैनब जालियावाला पति अनीस जालियावाला के नाम पर मौजा अमेरी प.ह.नं. 26/43, रा.नि.मं. सकरी , तह. सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि का क्रमशः खसरा नं. 15000 (शामिल नंबर 5/3, 5/4, 6/5, 6/8, 6/4, 6/31, 6/32) रकबा 0.8280 हेक्टेयर भूमि खरीदने का सौदा किया गया है कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- रामेश्वर कश्यप (अधिवक्ता)
अमन विहार चड्डा बाड़ी मंगला,बिलासपुर
789976000, 7771001529


### सुशासन तिहार के तहत किया जा रहा समस्याओं का समाधान

# पारदर्शिता, तत्परता और संवाद ही सुशासन का आधार: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत झल्फा एवं ग्राम पंचायत बदरा (ब) में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत झल्फा एवं ग्राम पंचायत बदरा (ब) में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित होकर ग्रामीण जनों से सीधे संवाद किया एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार प्रदेश सरकार की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें जनता को शासन के केंद्र में रखा गया है। इसका मकसद है, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित को प्राथमिकता देना। इस पहल से जनता को अपनी समस्याएं सीधे सरकार के सामने रखने का अवसर मिल रहा है और उन्हें उम्मीद है कि अब समाधान भी तेजी से होगा। यह अभियान न केवल समस्याओं के समाधान तक सीमित है, बल्कि यह सुशासन की संस्कृति को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास आम जनता को शासन की योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी मिल रही है, और उनकी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण किया जा रहा है। इससे जनता और प्रशासन के बीच की दूरी कम हुई है और भरोसा मजबूत हुआ है। बिल्हा विधानसभा में चल रहे समाधान शिविर निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ मे जनसेवा का नया अध्याय लिख रहे हैं। शिविर के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तत्काल पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए।



हितग्राहियों को सामग्री का वितरण करते धरमलाल कौशिक।



हितग्राहियों को समान वितरण करते अतिथि।

## भीषण गर्मी में भी हौसले नहीं हुए कम सुशासन तिहार का लाभ लेने पहुंचे ग्रामीण

**सीपत।** पारदर्शिता, सेवा और प्रदेशवासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान के लक्ष्य के साथ 5 से 31 मई तक सुशासन तिहार के तीसरे चरण में मंगलवार को मस्तूरी विधानसभा सीपत क्षेत्र के ग्राम खांडा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमे वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिकेश पांडेय , जनपद अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती परमेश्वर सोनवानी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, राज्यवर्धन कौशिक, मदनलाल पाटनवार, खांडा सरपंच कामता प्रसाद, धनियां सरपंच दुष्यंत यादव, शिव साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि विजय गुप्ता, तहसीलदार सोनू अग्रवाल, नायब तहसीलदार देशकुमार कुर्रे की उपस्थिति में किसानों को ऋण पुस्तिका, राशनकार्ड, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया सीपत शाखा के द्वारा विभिन्न महिला समूहों को व्यवसाय हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ऋण वितरित, पाइप वितरण वितरित किया गया। साथ ही समाधान शिविर में ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुन कर निराकरण हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष व जिपं. सदस्य प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सूर्या ने कहा की सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य है, सरकार को जनता के द्वार तक लाना है। सीएम साय के नेतृत्व वाली सुशासन सरकार का संकल्प है कि राज्य का कोई भी पात्र नागरिक शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। हमारी सरकार जनता की आवाज को सुनने, समझने और उस पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। भीषण गर्मी में भी समस्याओं को लेकर आवेदन देने हितग्राहियों का उत्साह कम नही हुआ।

■ 5665 में से 5403 आवेदनों का निराकरण

लेकिन विडंबना यह रहा कि नेताओ के भाषण होने के बाद समय 3 बजे से पौन घण्टे पूर्व ही विभागों के बैनर निकलने शुरू हो गए। जिस पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई । शिविर में कुल 5665 आवेदन में से 5403 आवेदनो का निराकरण हुआ। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण प्रमोद जायसवाल ने क्षेत्र में चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर विरोध किया और विभाग के अधिकृत अधिकारी नहीं आने पर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान जनपद से बीड़ी कुर्रे , सचिव जितेंद्र नायक , मितानिन जिला समन्वयक हीरालाल यादव सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खपरीकला में समाधान शिविर का आयोजन

**लोरमी।** ग्राम खपरीकला के शास हाई स्कूल मैदान में 13 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 14 ग्राम पंचायतो की समस्याओं का निराकरण एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को चेक एवं अन्य सामग्रियां वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जपं अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने कहा कि पानी बिन सब सुना है।

■ पहली सरकार है जो ग्रामीणों तक सीधे पहुंच रही है- वर्षा सिंह

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भीषण गर्मी में निस्तारी के लिए लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिसे शासन स्तर पर मनियारी नदी का पानी नहर से आगर में समाहित किया गया। अरुण साव के नेतृत्व में क्षेत्र में सांय सांय विकास कार्य हो रहे हैं। ये पहली सरकार है, जो समाधान शिविर लगाकर ग्रामीणों तक सीधा पहुंच रही है। उन्होंने विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को चेक एवं प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रत्ना सजंय काठले, जनपद सदस्य कंतनी मदन चंद्राकर, नायब तहसीलदार चन्द्रप्रकाश सोनी, रामकुमार पात्रे सहित खपरीकला, भांठा, कोसमतरा, लगरा, साल्हेघोरी, डुमरहा, बघमार, सिंघनपुरी, चिल्फी, नथेलापारा, बैजलपुर, परदेशीकापा, दाउकापा, खैरवारखुर्द के सरपंच व सचिव सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में ग्रमीण उपस्थित रहे।



## ब्रह्माकुमारीज प्रभु अनुराग भवन में माताओं का सम्मान



**मस्तूरी।** कोटमीसुनार स्थित ब्रह्माकुमारीज प्रभु-अनुराग भवन में मातृ दिवस के अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें तिलक, बैच, श्रीफल व पुष्प भेंट कर राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने माताओं का सम्मान किया। ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने कहा कि मातृ दिवस का दिन हमारे कर्तव्यों की स्मृति की याद दिलाता है। सुखी, स्वच्छ एवं स्वस्थ परिवार के लिए माताओं की भूमिका हमेशा से सराहनीय रही है। मां मानव के संस्कारों की सृजनकर्ता व प्रथम गुरु है। साथ ही मां हमारे लिए सुरक्षा कवच की तरह है, क्योंकि वह हमें परेशानियों से बचाती है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहोद्रा निषाद, शिक्षिका सुशीला सोनी, संतोषी साहू, चित्रलेखा भारद्वाज सहित 25 माताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी को ईश्वरीय प्रसाद दिया गया तथा टीकाराम केंवट ने सभी साधकों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## विधायक से मिले मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारी



**सकरी।** तखतपुर विधानसभा भाजपा सकरी एवं काठाकोनी मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में नव नियुक्त पदाधिकारियों ने तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह से मुलाकात कर उनका आभार जताया। विधायक धर्मजीत सिंह ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को जिम्मेदारी के साथ क्षेत्र में भाजपा संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करने, पार्टी के रीति - नीति और सिद्धांतों एवं केन्द्र एवं राज्य की जनहितैषी विकासकार्यो को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सकरी रवि मेहर, काठाकोनी अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, सकरी मंडल महामंत्री द्वय तुलसी कौशिक, धात्री गुप्ता, उपाध्यक्षगण जितेन्द्र गोलू दुबे, ओमप्रकाश कौशिक, लक्ष्मी साहू, रितेश दुबे, मंत्री अमरीका ध्रुव, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, राजकुमार यादव, शुभचंद डहरिया, कोषाध्यक्ष सावित्री गढ़ेवाल, काठाकोनी मंडल महामंत्री शैलेंद्र कौशिक, अश्वनी साहू, उपाध्यक्ष श्यामता कौशिक, श्रवण मरकाम, भोलेनाथ तिवारी, मंत्री रूखमणी साहू, अमिल मरकाम, श्यामता श्रीवास, सुनिता विश्वास, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कौशिक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने सौजन्य मुलाकात की।

## धनंजय दूसरी बार निर्विरोध बने बिल्हा ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष



**सीपत।** ग्राम पंचायत सेलर के सरपंच धनंजय सिंह को लगातार दूसरी बार बिल्हा ब्लॉक सरपंच संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। सोमवार को बिल्हा के जनपद सभाकक्ष में आयोजित इस चुनाव में क्षेत्र के कुल 88 सरपंचों ने पूर्ण समर्थन जताते हुए धनंजय सिंह के नाम का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। बता दें कि धनंजय सिंह की नेतृत्व क्षमता, ग्राम विकास के प्रति उनकी सक्रियता और सरपंचों के बीच मजबूत समन्वय की भावना ने उन्हें एक बार फिर यह जिम्मेदारी सौंपी है। धनंजय सिंह ने सभी सरपंचों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विश्वास मेरे लिए सम्मान की बात है मैं पूरी निष्ठा के साथ अपने सरपंच साथियों की आवाज बनकर राज्य सरकार तक पहुंचाने का काम करूंगा साथ ही गांव के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता रहूंगा। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही आने वाले दिनों में सरपंच संघ की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा, जिसमें सभी क्षेत्रों से प्रतिनिधियों को शामिल कर संघ को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाया जाएगा।

## बड़े भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे छोटे भाई की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

बड़े भाई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे छोटे भाई की वाहन दुर्घटना में मृत्यु हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चितावर के कोटवार सुकृत दास मानिकपुरी का 12 मई को निधन हो गया था और इसकी सूचना उसके छोटे भाई मोहित दास मानिकपुरी को मिली तो वह 13 मई को सुबह अपने पुत्र के साथ अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चितावर के लिए निकला और जब बलौदा के पास से गुजर रहा था तभी अज्ञात ट्रक की टक्कर से पिता पुत्र दोनों घायल हो गए। घटना में मौके पर ही मोहित दास मानिकपुरी की मृत्यु हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलने पर परिवार में मातम छा गया लोग एक भाई के मृत्यु कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे। वहीं दूसरी तरफ छोटे भाई के भी मृत्यु की सूचना परिजनों को मिली। इसके बाद परिजन शोक से व्याकुल हो गए और तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना हुए। घटना स्थल पर पुलिस ने शव का पंचनामा कराया और पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजन को सौंप दिया। छोटे भाई के शव को लेकर परिजन चितावर पहुंचें जहां दोनों भाई का शव देकर पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। एक साथ दोनों शव का दाह संस्कार चितावर में किया गया।



## सीबीएससी बारहवीं की परीक्षा में सौम्या ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**सकरी।** सीबीएसई द्वारा 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें ग्राम हांफा निवासी व्याख्याता चित्ररेखा तिवारी एवं जनपद उपाध्यक्ष तखतपुर राकेश तिवारी की सुपुत्री सौम्या तिवारी ने सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन की परीक्षा में कला संकाय से 93 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। सौम्या सकरी स्थित जैन इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययन की है। वह भविष्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देना चाहती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के शिक्षक, अपने दादा सेवानिवृत्त प्रधान पाठक गोपाल प्रसाद तिवारी एवं अपने परिवार के सदस्यों को दिया है।

## निधन

### राजकुमार गुप्ता



**बिलासपुर।** हटरी चौक जूना बिलासपुर निवासी राजकुमार गुप्ता का मंगलवार को निधन हो गया। वे 70 साल के थे। उनकी अंतिम यात्रा 14 मई को सुबह 10 बजे निवास स्थान से दयालबंद मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अभिषेक व निलेश गुप्ता के पिता व निर्मल गुप्ता (मटरू) के बड़े भाई थे।

### प्रो. अल्पना शर्मा



**बिलासपुर।** शुभम विहार निवासी प्रोफेसर अल्पना शर्मा का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 मई को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. उपेन्द्र नाथ शर्मा की पुत्री थीं।

### विद्या पुरुषोत्तम गोडबोले



**बिलासपुर।** तिलकनगर चांटापारा निवासी श्रीमति विद्या पुरुषोत्तम गोडबोले का मंगलवार को पुणे में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 मई को पुणे में किया जाएगा। वे अतुल व अमोल गोडबोले की मां थीं।

### गोविंद श्रीवास



**बिलासपुर।** ग्राम झींगटपुर निवासी गोविंद श्रीवास (बैगापारा वाले) का निधन हो गया। वे 65 वर्ष थे। उनका अंतिम संस्कार 13 मई को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे गैस लाल, मुजू एवं शिवरात्रि श्रीवास के पिता थे।

### सुमित्रा अवस्थी



**मल्हार।** स्कूल चौक निवासी ब्राह्मण समाज की वयोवृद्ध महिला श्रीमती सुमित्रा देवी अवस्थी (पंडरहीन दाई) 80 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में बुधवार को किया जाएगा। वे सुशील (मुनवा) अवस्थी व जागेश्वर अवस्थी की माता थीं।

### मनहरण लाल जायसवाल



**बेलतरा।** बेलतरा ग्राम के पूर्व सरपंच एवं प्रतिष्ठित नागरिक 73 वर्षीय मनहरण लाल जायसवाल का मंगलवार 13 मई को सुबह 6 बजे अपोलो हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार का कार्यक्रम गृह ग्राम बेलतरा में संपन्न हुआ। वे राकेश, मनोरमा, मंजू, राखी के पिता एवं उमलेश जायसवाल के चाचा थे।

### शंकरलाल भारद्वाज



**बेलतरा।** ग्राम जाली निवासी शिक्षक शंकरलाल भारद्वाज का 47 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वे वर्तमान में प्राथमिक शाला उसराभाठा स्कूल में शिक्षक पद पर पदस्थ थे। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम जाली के मुक्तिधाम किया गया । वे सतरूपा भारद्वाज के पति थे।

### बसंत कश्यप



**जरहागांव।** कुटेलीपारा जरहागांव निवासी बसंत कश्यप का 57 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार बुधवार को सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राकेश कश्यप व प्रीतम कश्यप के पिता थे।

### श्याम बाई साहू



**मस्तूरी।** समीपस्थ ग्राम खैरा जयरामनगर निवासी स्व मनीराम साहू की पत्नी श्यामबाई साहू 85 वर्ष का 13 मरई मंगलवार को स्वर्गवास हो गया है। वे आशीष राम साहू, आनंद राम साहू, राधेश्याम साहू , घनश्याम साहू, परमेश्वर साहू की मां थीं। वे अपने पीछे पूरा परिवार छोड़कर चली गईं। इनका अंतिम संस्कार बुधवार को सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम खैरा में होगा ।

### मोहम्मद मुबारक कुरैशी



**मोपका।** ग्राम गतौरा के मुस्लिम जमात के वरिष्ठ नागरिक मोहम्मद मुबारक कुरैशी का 70 वर्ष की उम्र में इन्तेकाल हो गया। 12 मई को गतौरा में सामाज के लोगों की मौजूदगी में नमाज-ए-जनाजा अता कर इनको सुपूर्द-ए-खाक किया गया। वे मो सफर और मो अहमद के वालिद थे।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**

**-: सीमांकन सूचना :-**

प्रति,
1. निर्विकार गौतम
2. पीयूष राय
3. शकुंतला जायसवाल
4. रवि श्रीवास
5. अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषय सीमांकन / स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत

संदर्भ :- न्यायलय तहसीलदार / अति.तह. ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 8/5/2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.नं.43 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 32/24 रकबा 0.0140 हेक्टेयर भूमि स्वामी निर्विकार गौतम पिता ढल सिंह ठाकुर निवाशी भाटापारा के द्वारा सीमांकन स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकनास्थल जाँच दिनांक 21/05/2025 को समय 11:00 से 5.00 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

टिप :- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

1. न्यायलय तहसीलदार / अति.तह. ना. तह. को सूचनार्थ
2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ
3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ

राजस्व निरीक्षक
सकरी



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**

**-: सीमांकन सूचना :-**

प्रति,
1. पीयूष राय
2. भानू प्रताप सिंह
3. निर्विकार तम
4. रवि श्रीवास
5. अन्य हितबद्ध पक्षकार

विषय सीमांकन / स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत

संदर्भ :- न्यायलय तहसीलदार / अति.तह. ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 8/5/2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.नं.43 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 32/4 रकबा 0.0130 हेक्टेयर भूमि स्वामी पीयूष राय पिता रविन्द्र राय निवाशी मारवाही के द्वारा सीमांकन स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकनास्थल जाँच दिनांक 21/05/2025 को समय 11:00 से 5.00 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

टिप :- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

1. न्यायलय तहसीलदार / अति.तह. ना. तह. को सूचनार्थ
2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ
3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ

राजस्व निरीक्षक
सकरी



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मुंगेली (ग्रामीण) तहसील-मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**//सूचना//**

प्रति,
1. श्रीमती शीतल देवांगन पिता भरत लाल देवांगन, 2. श्री हर्ष दुबे पि. पवन, 3. श्री जगन, परमेश्वर पि. छेदीलाल, 4. श्री सुनंदा तिवारी, 5. श्रीमती मीना

विषय:- स्थल सीमांकन/मौका जांच में उपस्थिति बाबत्।

संदर्भ:- न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली के आदेश क्रमांक...............

आपको सूचना दी जाती है कि आवेदक रामसिंह पिता दीपसिंह की भूमि ग्राम देवरी क प.ह.नं. 15 तहसील मुंगेली के ख.नं. 56/53 रकबा 0.016 हे. का स्थल सीमांकन/ मौका जांच दिनांक 20/05/2025 को प्रातः 11.00 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी अपनी भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्थल पर उपस्थित रहे एवं स्थल के आसपास के व्यक्तियों को भी सूचित करें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपकी मौन सहमति मान कर सीमांकन/मौका जांच कार्य पूर्ण किया जाएगा।

टीपः- आवेदक जरीब/टेप खींचनें हेतु 2 मजदूर की व्यवस्था स्वयं करेगा।

प्रतिलिपि:-
पटवारी श्री सतीश कुर्रे प.ह.नं. 15 को सूचनार्थ। आप संबंधित ग्राम के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित स्थल पर उपस्थित रहें। मो.नं. 9098116806

राजस्व निरीक्षक, मुंगेली



**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार श्रीमती रेखा तिवारी पति-सूर्यप्रकाश तिवारी के द्वारा मौजा तोरवा, प.ह.नं. 34/37, वार्ड नं. 44, गणेश नगर वार्ड, में स्थित भूमि खसरा नं. 995/1 में से रकबा 2995 वर्गफुट परिवर्तित भूमि दिनांक-10/12/2020 को रजिस्ट्री के माध्यम से क्रय की थी, उक्त भूमि राजस्व अभिलेख में रेखा तिवारी के नाम से दर्ज है। रामचरण पाल के द्वारा पैतृक बटवारे में प्राप्त भूमि खसरा नं. 995/3 रकबा 0.43 डिसमिल भूमि प्लाटिंग कर 11 प्लाट विक्रय किया गया था, राजस्व अभिलेख में विक्रय पश्चात शेष बचत भूमि 20 फुट रास्ता एवं उद्यान के लिए नगर निगम के नियमानुसार छोड़ी गयी भूमि दर्ज है, शेष कोई भूमि नहीं है, जिसे स्व. रामचरण पाल की पत्नी शकीला पाल के द्वारा फौती नामांतरण के पश्चात खसरा नंबर 995/1 में मेरे पक्षकार की भूमि को दिखाकर कब्जा करने एवं विक्रय करने का प्रयास कर रही है, किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैक, निकाय, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्था के द्वारा क्रय-विक्रय करने का संव्यवहार न करे, यदि किया जाता है, तो उसके नुकसानी के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सो सूचना जाने
दिनांक-13/05/2025
स्थान-बिलासपुर

भवदीय
शुभेन्दु नस्कर
छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर
निवास / ऑफिस-लाल खदान
ब्रिज के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827181564, 7987563916



**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला- मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-6/24/25
ग्राम गीधा प.ह.न. 14

एतद् द्वारा ग्राम गीधा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुमारी बाई पिता/पति टेटकू कश्यप जाति निवासी सोनलोहर्सी+5 तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम गीधा हल्का न. 14 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 361 शा. 71 रकबा 0.320 हे. को फौती दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20/5/25 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/4/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार मुंगेली (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./मा.क्र. 123/अ-6-अ/ 2024-2025

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम घुरू प.ह.नं. 61, तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक फागूराम यादव पिता स्व. झुनाउ यादव निवासी घुरू तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम घुरू प.ह.न. 61 रा.नि.मं. सकरी स्थित भूमि ख.न. 221, 224 रकबा क्रमशः 1.70, 1.80 हे. भूमि है। वर्तमान राजस्व रिकार्ड में शासकीय भूमि दर्ज है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. में आवेदन पेश किया है। आवेदन अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर से जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 21.05.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार सकरी



**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी विलेख पंजी. क्रमांक 222202597632, दिनांक 19/02/2025 के अनुसार श्री अनंत रियलिटी फर्म में दो साझेदार श्री अभिषेक अग्रवाल और श्री निशांत खण्डेलवाल के माध्यम से व्यापार एवं लेनदेन किया जा रहा था। यह कि दिनांक 24/02/2025 से उक्त फर्म में संशोधन कर दिया गया है जिसके अनुसार अब साझेदारी विलेख दिनांक 24/02/2025 के अनुसार उक्त फर्म में श्री अनूप कुमार अग्रवाल, श्री नमन गोयल, और श्री सूजल गोयल को सतत साझेदारों के सहमति से जोड़ा गया है। वर्तमान साझेदार इस प्रकार है- (1) श्री अभिषेक अग्रवाल (2) श्री निशांत खण्डेलवाल (3) श्री अनूप कुमार अग्रवाल (4) श्री नमन गोयल (5) श्री सूजल गोयल अतः उपरोक्त संशोधन बाबत सर्व साधारण हेतु यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है।

वास्ते- श्री अनंत रियलिटी
साझेदार- अभिषेक अग्रवाल
पता- AS/111, अज्ञेय नगर,
बिलासपुर 495001 (छ.ग.)



**आम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म श्री अनंत रियलिटी, सीसीएन चैनल के पास वेयर हाउस रोड बिलासपुर (छ.ग.) साझेदारी विलेख पंजी. क्रमांक 222202597632, दिनांक 19/02/2025, के पंजीकृत कार्यालय को दिनांक 24/02/2025 से स्थानांतरित कर दिया गया है। नया पता निम्न अनुसार है नया पता AS/111, अज्ञेय नगर, बिलासपुर 495001 (छ.ग.) अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24/02/2025 से हमारी फर्म के सभी आधिकारिक पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यकलाप अब नए पते AS/111, अज्ञेय नगर, बिलासपुर 495001 (छ.ग.) से संचालित किए जाएंगे। अतः उपरोक्त संशोधन बाबत सर्व साधारण को यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है।

वास्ते- श्री अनंत रियलिटी
साझेदार- अभिषेक अग्रवाल
पता- AS/111, अज्ञेय नगर,
बिलासपुर 495001 (छ.ग.)

13 MAY- BSP-PG-5_Layout 1 5/14/2025 12:29 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### बर्फानी एकेडमिया समिति के अध्यक्ष प्रकाश व सचिव बने अशोक



**बिलासपुर।** सकरी स्थित न्यू होराईजन डेन्टल कालेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट में बर्फानी एकेडमिया समिति का निर्वाचन किया गया। जिसमें बर्फानी एकेडमिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश दावड़ा, सचिव अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष चिन्मय दावड़ा, सहसचिव श्रीमति प्रेमलता अग्रवाल व कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### प्रियदर्शनी समाज ने मनाया विश्व मातृ दिवस, वृद्धाश्रम में किया फल वितरण

**बिलासपुर।** समाज सेवी संस्था प्रियदर्शनी समाज सेवा समिति द्वारा 11 मई को विश्व मातृ दिवस मनाया गया। इस दौरान स्थानीय कल्याण कुंज वृद्धाश्रम में माताओं को फल, मिठाई व वस्त्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योग आयोग के पूर्व सदस्य रविन्द्र सिंह, पत्रकार विरेन्द्र गहवई, समाज सेवी शिवा मुदलियार, डॉ. तरु तिवारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस रंजीत सिंह खनूजा उपस्थित थे। इस अवसर पर संरक्षक विजय दुबे, अध्यक्ष आकाश दुबे, नवीन चंद्र, राजेन्द्र सोनी, रिया डोंगरे सहित संस्था अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**बिलासपुर।** होमगार्ड विभाग द्वारा 1715 महिला एवं 500 पुरूष नगर सैनिकों के पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा में शामिल होने पात्र अभ्यर्थियों को 30 मई के शाम 5 बजे तक व्यापम की वेबसाईट **https://vyapamcg.cgstate.gov.in** पर रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन आवेदन सबमिट करना होगा। लिखित परीक्षा 22 जून 2025 को राज्य के जिलों रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में होगी।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों की चयन परीक्षा का मॉडल आंसर जारी

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य योजना के तहत प्रयास बालक एवं कन्या अवासीय विद्यालयों में सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 20 अप्रैल को आयोजित की गई थी, जिसका मॉडल उत्तर जारी कर दिया गया है। इस संबंध में दावा-आपत्ति 15 मई तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय बिलासपुर में प्रमाणित दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर जमा किया जा सकता है। डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाईट **https://eklavya.cg.nic.in/** पर देखी जा सकती है।

रविन्द्र भवन में किया गया आयोजन

# एसईसीएल में महिला उद्यमियों के लिए विशेष वेंडर डवलपमेंट कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




एससी/एसटी एवं महिला स्वामित्व वाले सूक्ष्म एवं लघु उद्योग (एमएसई) को सशक्त बनाने के लिए विशेष वेंडर डवलपमेंट का आयोजन एसईसीएल स्थित रवीन्द्र भवन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के लिए अवसरों की पहचान करना तथा सरकारी नीतियों और पोर्टल्स की जानकारी प्रदान कर उन्हें एक सक्षम कारोबारी वातवारण प्रदान करना रहा है।

कार्यक्रम में एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना/परियोजना) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन और निदेशक एमएसएमई रायपुर किशोर इरपाते, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन-क्रय) अनुराग अग्रवाल, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन-स्टोर्स) मनोज उपाध्याय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर लघु उद्योग एवं महिला उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई, जिनमें विशेष रूप से एमएसई, एससी/एसटी एवं महिला उद्यमियों के लिए जीईएम पोर्टल के प्रावधानों पर जागरूकता बढ़ाना शामिल था। साथ ही, एमएसई अधिनियम के तहत व्यापार में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की सहभागिता को बढ़ावा देने वाली सरकारी पहलों पर भी चर्चा की गई। प्रतिभागियों को एमएसई के लिए वित्तीय सहायता को सुलभ बनाने हेतु ट्रेड्स पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई।

# गंभीर अपराधों का 90 दिन में किया जाए निराकरण : आईजी



**बिलासपुर।** बिलासपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक ने मंगलवार को जिला पुलिस के सभी थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने लंबित अपराध को 90 दिनों के भीतर निराकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही जब्त व राजसात वाहनों को लेकर बिलासपुर में किए कार्यवाही की प्रशंसा की।

पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने बैठक में शासन एवं पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकता के बिंदुओं और बेसिक पुलिसिंग की समीक्षा की। उन्होंने अपने रेंज के सभी जिलों की कार्यों की समीक्षा और आवश्यक दिशा निर्देश देकर पूरे रेंज में बेहतर पुलिसिंग की बात कही। सभी अधिकारियों को अपने कार्यों को समय पर और प्रभावी तरीके से पूरा करने एवं बेसिक पुलिसिंग करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही गैर अनुशासित आचरण व भ्रष्ट कार्यों में संलिप्तता होने पर तत्काल कार्यवाही कर उन्हें दंडित करने के लिए निर्देशित किया।लंबित अपराध लंबित चालान का शीघ्र निराकरण एवं गंभीर अपराधों का 90 दिन में व अन्य अपराधों का 60 दिन के भीतर निराकरण करने के लिए सभी विवेचकों को सख्त निर्देश दिए गए।

**चेतना अभियान की तारीफ**

पुलिस महानिरीक्षक ने लंबित शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत चेतना अभियान की तारीफ़ करते हुए कहा की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने सामुदायिक पुलिसिंग को एक नया आयाम दिया है यह एक ऐसा अभियान है जिसमे चेतना अभियान द्वारा नशा, महिला और बाल अपराध, साइबर, सड़क दुर्घटनाओं और सुरक्षा, और अन्य संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के साथ समाज में जागरूकता लाने और सुरक्षित समाज बनाने के लिए अच्छा अभियान है ।

# बिजली विभाग के आवेदनों के निराकरण में लापरवाही पर नोटिस



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं और लंबित मामलों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने बिल्हा में बिजली विभाग को मिले आवेदन का घटिया तरीके से निराकरण पर जिम्मेदार अधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही 5 लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए जाने पर नाराजगी जाहिर की तथा 30 जून तक शतप्रतिशत बनाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कार्ड बनाने में सामाजिक संगठनों का सहयोग लेने को कहा। कलेक्टर ने बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के युक्ति युक्तकरण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी स्कूल अथवा शिक्षक इसके दायरे से छूटना नहीं चाहिए। इससे शिक्षक विहीन अथवा एक शिक्षकीय स्कूलों की समस्याएं दूर होंगी। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में शुरूआती दिक्कतें आ सकती हैं। ये दिक्कतें सभी जिलों में होती हैं। बावजूद इसके कुछ जिले अच्छा प्रदर्शन करते पाये गये हैं। उनके तौर-तरीके और अनुभव का लाभ लेकर हमें भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। विशेषकर आयुष्मान कार्ड के सिलसिले में उन्होंने ये बातें कही। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि बिना अनुमति के कोई भी मुख्यालय से बाहर नहीं जायेगा। सभी सिविल सेवा आचरण नियमों का पालन करें। कलेक्टर ने कहा कि अगले महीने से स्कूल खुलने वाले हैं। इसलिए जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र शिविर लगाकर दिए जाएं। हाई कोर्ट एवं अन्य न्यायायल से जुड़े मामलों को लंबित नहीं रखने और इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए हैं। बैठक में निगम आयुक्त अमित कुमार, जिपं सीईओ संदीप अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बिजनेस साइट

## क्वालिटी निवेश थीम समय की मांग, इसका महत्व समझें



जगदम्बा मिश्रा
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, बिलासपुर

**बिलासपुर।** ग्राहक के रूप में हम अक्सर क्वालिटी से समझौता नहीं करते हैं। चाहे वह सर्विसेज हों, भोजन, सफर, दवाएं, सुरक्षा, कंज्यूमर गुड्स, बिल्डिंग मैटीरियल, कपड़े या शिक्षा; हम हमेशा उचित मूल्य पर सर्वश्रेष्ठ को प्राथमिकता देते हैं। और इसके पीछे सरल कारण यह है कि क्वालिटी कई चुनौतियों के बावजूद लंबे समय तक टिकी रहती है, प्रदर्शन करती है और लगातार आगे बढ़ती है

इसी तरह, जब निवेश की बात आती है, तो क्वालिटी बहुत मायने रखती है क्योंकि यह आर्थिक चुनौतियों और बाजार साइकिल्स को अपेक्षाकृत आसानी से झेलने की क्षमता के साथ ग्रोथ स्थिरता और उचित रिटर्न के लिए एक महत्वपूर्ण पैरामीटर है। इसके अलावा, जब आर्थिक उथल-पुथल के बीच क्वालिटी निवेश उचित वैल्यूएशन पर आता है, तो मजबूत पोर्टफोलियो बनाने के लिए क्वालिटी निवेश की थीम और भी अधिक आवश्यक हो जाती है।

टैरिफ युद्ध के कारण ग्लोबल अनिश्चितता, वैश्विक और घरेलू आर्थिक साइक्लि में नरमी और घरेलू आय की गति में कमी जैसे विभिन्न ट्रिगर क्वालिटी थीम के लिए अनुकूल वातावरण बनाते हैं। अन्य स्टाइल्स और व्यापक बाजार के मुकाबले कम प्रदर्शन की अवधि के बाद, क्वालिटी वाले स्टॉक अब अधिक आकर्षक वैल्यूएशन प्रदान करते हैं। आर्थिक चुनौतियों और आकर्षक एंट्री प्वाइंट्स का यह कॉम्बीनेशन आपके पोर्टफोलियो में क्वालिटी वाले शेयरों को शामिल करने का एक सही समय पर अवसर प्रस्तुत करता है। विभिन्न क्षेत्रों और क्षेत्रों में कई कंपनियां हैं जिन्होंने क्वालिटी को अपनाया है, मजबूत ब्रांड पहचान बनाई है और पर्याप्त बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। उनका लॉन्गटर्म ग्राहक आधार लगातार बढ़ रहा है- बेहतर लाभप्रदता और हाई ग्रोथ संभावनाओं को सुनिश्चित करता है। उनके पास अपनी मजबूत बैलेंस शीट और आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा है।

इस समय निवेशकों को क्वालिटी निवेश थीम पर विचार करना चाहिए क्योंकि वैल्यूएशन भी उचित हैं। जिस तरह से कंज्यूमर क्वालिटी को प्राथमिकता देते हैं, यह हमारे पोर्टफोलियो में हमारे उपभोग पैटर्न को दोहराने और हाई क्वालिटी वाली कंपनियों की ग्रोथ क्षमता से लाभ उठाने का समय है । क्वालिटी निवेश थीम का लाभ उठाने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक म्यूचुअल फंड इक्विटी स्कीम्स के माध्यम से निवेश करना है जो क्वालिटी वाले शेयरों को चुनने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इसी तरह का एक फंड आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल क्वालिटी फंड है, जो क्वालिटी फैक्टर पर केंद्रित एक नई लॉन्च की गई ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। यह निवेशकों को उचित वैल्यूएशन पर हाई क्वालिटी वाले शेयरों के साथ अपने पोर्टफोलियो को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है, जिसका लक्ष्य लॉन्गटर्म वेल्थ क्रिएशन है। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 6 मई, 2025 से 20 मई, 2025 तक निवेश के लिए खुला रहेगा।



## खबर संक्षेप

### अनाचार कर वसूल लिया पैसा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** फेसबुक में दोस्ती कर युवती से अनाचार कर पैसा वसूली कर मारपीट करने वाले प्रेमी युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई अभय बैस ने बताया, एक साल पहले क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की फेसबुक में माध्यम से धमतरी निवासी भरत लखवानी से दोस्ती हुई। उसके बाद युवक युवती के घर आने जाने लगा और शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। इस दौरान वह युवती से जरूरत बताकर पैसे भी लेने लगा। युवती शादी करने का दबाव बनाती तो उसके साथ मारपीट करता था। उसके बाद उसने शादी करने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### घर से बुलाकर शिक्षक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** घर से बुलाकर शिक्षक से मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रघुविहार अशोकनगर निवासी दिनेश सिंह राठौर पिता स्व. उदय राम राठौर शिक्षक एलबी के पद पर शासकीय पूर्व माध्य शाला ग्राम छतौना में पदस्थ हैं। 12 मई को रात्रि में वे घर पर थे। रात 12.10 बजे उनके मोबाइल में फोन कर उनका दोस्त कुलमित्र कालोनी के सामने मिलने बुलाया। वह मिलने गए तो कुलमित्र शराब व सिरगेट पीने के लिए पैसा मांगने लगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो नाराज होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए स्टील के पाइप से हमला कर दिया।

पानी को तरसे लोग, नेहरू नगर जोन के अधिकारी उदासीन रवैया अपनाते रहे

# मिनोचा कालोनी में 15 घंटे बिजली बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शहर में बिजली बंद की समस्या विकराल रूप ले रही है। लगातार ट्रांसफार्मर जवाब दे रहे हैं, लो वोल्टेज के चलते उपभोक्ताओं का हाल बेहाल है, इसके बावजूद बिजली अधिकारियों की लापरवाही यह है कि वे फोन तक नहीं उठा रहे हैं। आला अधिकारियों को शिकायत के बाद ही बिजली सप्लाई नार्मल हो रही है। सिटी सर्किल का हाल बेहाल है।

मंगलवार को मिनोचा कालोनी में 15 घंटे तक बिजली बंद रही, सोमवार की रात 11.25 से बंद हुई बिजली अगले दिन 4 बजे के करीब बहाल हो सकी, इस दौरान क्षेत्र में लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि रात में फ्यूज कॉल को शिकायत करने के बाद भी सुबह 10 बजे तक सप्लाई शुरू नहीं की गई, वहीं 10 बजे के बाद कर्मचारी मरम्मत में जुटे, लेकिन सप्लाई बहाल करने की बजाए नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए मरम्मत के समय को बढ़ा दिया गया। जिसके कारण करीब 15 घंटे तक लोग गर्मी से उबलते रहे। खास बात यह है कि इस दौरान लोगों की शिकायत थी कि नेहरू नगर जोन के अधिकारी लापरवाही और उदासीन रवैया अपनाते रहे, उपभोक्ताओं की शिकायत सुनने के बजाए फोन बंद कर दिया। आखिरकार उपभोक्ताओं ने ईडी एके अम्बस्ट से इसकी शिकायत की और काम रूकवाया गया, तब जाकर बिजली सप्लाई शुरू की गई। यही हाल दयालबंद का भी रहा, कतियापारा और नारियल कोठी, दयालबंद में बिजली सप्लाई बंद रही, सुबह करीब 9 बजे से 12 बजे तक बिजली बंद होने के कारण कई घरों में पानी नहीं पहुंच सका।



बेतरतीब तारों की वजह से बिजली सप्लाई हो रही है बाधित।

### वीवीआईपी जोन बेहाल

वीवीआईपी जोन कहे जाने वाले नेहरू नगर जोन का हाल बेहाल है। फ्यूज कॉल में रिस्पांस नहीं मिल रहा है, ना ही कर्मचारी फोन उठा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जेई फैजान खान 95189 20845, 9922013570, एई डीके साहू 9098884587 और ईई सईद मुख्तार 9424421554 का फोन तक नहीं उठता है। ऐसे में क्षेत्र के लोग गर्मी में बिजली की समस्या झेल पर परेशान हो रहे हैं। इन अधिकारियों की शिकायत चीफ इंजीनियर और एमडी से भी की गई है।

### कलेक्टर से शिकायत

बिजली की समस्या के चलते पानी को मोहताज हो रहे यदुनंदन नगर वार्ड 6 के रहवासियों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात की और बताया कि पिछले 1 माह से बिजली, पानी की समस्या से क्षेत्रवासी त्रस्त हैं। आए दिन हो रही बिजली बंद के चलते जलापूर्ति बाधित हो रही है। कलेक्टर ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### कार्यालय में जेई बैठकर करेंगे ड्यूटी

जोन कार्यालय के एई और जेई घर में बैठकर कार्यालय चला रहे हैं, अधिकारियों को एसी चैंबर में बैठने की आदत पड़ चुकी है, ऐसे में उपभोक्ताओं की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। बिजली बंद होने की दशा में अधिकारी मोबाइल या तो बंद कर देते हैं या फोन नहीं उठा रहे हैं। कार्यपालक निर्देशक एके अम्बस्ट ने कहा है कि गर्मी अधिक है, जिसके चलते बिजली बंद की समस्या भी हो रही है। ऐसे में दोपहर 2 से 10 बजे तक सभी जोन कार्यालय में जेई मौजूद रहेंगें और उपभोक्ताओं की शिकायत का निराकरण करेंगे।

### मिली थी शिकायत

जोन के अधिकारियों की रवैया गैरजिम्मेदाराना है। इसके लिए कसावट लाने की जरूरत है। मिनोचा कालोनी में दिक्कत आई थी, लेकिन ठेकेदार द्वारा इस दौरान ट्रांसफार्मर लगाने का प्रयास किया जा रहा था, बाद में काम रोकवाकर सप्लाई नार्मल कर दी गई है।

**-एके अम्बस्ट,** ईडी, विद्युत विभाग।

# पुराने बस स्टैंड के पास अवैध निर्माण तोड़ा गया



**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा मंगलवार को पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में अवैध एवं अतिरिक्त निर्माण पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। महुआ होटल वाली जगह पर नगर निगम से अनुमति बिना ही अतिरिक्त निर्माण करा लिया गया था, जिसे आज निगम अमले द्वारा तोड़ा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में होटल महुआ के पास खसरा नंबर 430/9 कुल क्षेत्रफल 73.14 वर्गमीटर जमीन पर निर्माण किया जा रहा था। निगम ने दौलतराम चौधरी नामक व्यक्ति को केवल ग्राउंड फ्लोर में 42.24 वर्गमीटर निर्माण की अनुमति दी थी। इसके साथ ही सामने 4.5 मीटर और पीछे 1.5 मीटर खुला क्षेत्र छोड़ने की शर्त भी निर्धारित की गई थी। इसके बावजूद अनुमति से अधिक 14.08 वर्गमीटर अतिरिक्त निर्माण ग्राउंड फ्लोर पर कर लिया गया। यही नहीं, प्रथम और द्वितीय तल पर भी बिना स्वीकृति के 64.40 वर्गमीटर का निर्माण कर लिया गया था। इसके बाजवूद निगम द्वारा कोई ठोस या कठोर कार्रवाई नहीं की गई थी। इस क्षेत्र में रामचन्द्र लालचंदानी और महक आहूजा नामक व्यक्ति के अवैध निर्माण पर पिछले दिनों कार्रवाई की गई थी।

आज नगर निगम की टीम बुलडोजर सहित मौके पर तोड़फोड़ की कार्रवाई करने पहुंचा और अतिरिक्त निर्माण को तोड़ा गया।











# टैंकर से 350 लीटर डीजल पार

**बिलासपुर।** बीती रात टैंकर ड्राइवर सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर सो गया। इधर स्कार्पियों सवार सर्विस टंकी का लॉक तोड़कर 350 लीटर डीजल चोरी कर भाग गए। पुलिस डीजल चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

कोनी पुलिस के अनुसार, रायपुर विधानसभा पचपेड़ा निवासी शेख कलिमुद्दीन पिता शेख सहिमुद्दीन ड्राइवर का काम करते है। 12 मई वह पेट्रोल डीजल टैंकर क्रमांक सीजी 04 पीटी, 8504 को रायपुर मंदिर हसौद से लोड़कर अम्बिकापुर जा रहे थे। रात्रि होने से गतौरी आरवी पेट्रोल पंप के सामने गाड़ी खड़ी कर केबिन में सो गए। देर रात स्कार्पियो से सवार आए और उसके केबिन के दरवाजे को बारह से रस्सी से बांधकर सब्बल से गाड़ी के सर्विस टंकी का लॉक तोड़कर 350 लीटर डीजल चोरी कर भाग गए। 13 मई की सुबह 4 बजे पेट्रोल पंप के कर्मचारी ने उन्हें जगाकर घटना की जानकारी दी। ड्राइवर ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धार 305 बी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

- **पुलिस डीजल चोरों का सुराग नहीं लगा पाई**

ज्ञात हो कि लंबे समय से नेशनल हाइवे में डीजल चोर गिरोह सक्रिय होकर खड़ी वाहनों से डीजल चोरी कर भाग जा रहे हैं। लगातार वारदात के बाद में भी पुलिस डीजल चोरों को नहीं पकड़ पा रही है।

# केकरार जलाशय में जुआ खेलते पकड़े गए दो जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस ने सकरी क्षेत्र के केकरार जलाशय के पास घेराबंदी कर फड़ में छापा मारकर जुआ खेलते दो जुआरियों को पकड़ लिया है। वहीं अन्य जुआरी मौका पाकर भाग निकले हैं। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। सकरी पुलिस को सूचना मिली लाखासार केकरार जलाशय में बड़ी संख्या में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस मौके पर गई तो जलाशय सुखा होने से जुआरी अंदर में बैठकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए फड़ में दबिश देकर जुआ खेलते बजरंग उर्फ ननकी राजपूत पिता ढलगन राजपूत 40 साल लाखासार, साधराम साहू पिता विश्राम साहू 33 साल लाखासार निवासी को पकड़ लिया है। वहीं अन्य जुआरी पुलिस को दूर से देखकर भाग निकले। पकड़े गए जुआरियों से 9 हजार 300 रुपए व ताशपत्ती जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार करने के बाद मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।




## खबर संक्षेप

### मल्हार पंचायत में एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव पास




**मल्हार।** नगर पंचायत मल्हार में एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुआ। केन्द्र की भाजपा सरकार की बिल अनुसार लगातार चुनाव से हो रही फिजुलखर्ची मे रोक लगेगी समय की बचत होगी प्रशासनिक दक्षता आयेगी तथा बार बार चुनाव होने आचार संहिता के कारण विकास कार्यों मे होने वाला व्यवधान नहीं होगा। इस महायज्ञ में नगर पंचायत मल्हार परिषद की ओर से एक आहूति समर्पित हैं। परिषद के सदस्यों तथा नगर पंचायत के अधिकारी इस कार्य में सहभागी बने।

### वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए केंवट समाज के लोग



**मल्हार।** फुंडहर रायपुर में आयोजित केंवट निषाद समाज के वार्षिक सम्मेलन एवं आदर्श विवाह तथा सम्मान समारोह में नगर के जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत। कार्यक्रम में पहुचे नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी व धनेश्वर कैवर्त ने बताया कि 11 मई को फुण्डहर रायपुर मे आयोजित कार्यक्रम में पुरे छत्तीसगढ़ के केंवट समाज के पैंतालीस जोड़े का विवाह सम्पन्न हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रतिनिधि मोतीलाल साहु विधायक ग्रामीण रायपुर के अलावा दिग्गज नेताओं ने पहुचकर नवविवाहित जोड़ो को आशीर्वाद दिया। समाज के इस भव्य कार्यक्रम में मल्हार से नगर के प्रथम नागरिक कैवर्त दम्पती के अलावा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल कैवर्त, पार्षद विष्णु कैवर्त, गीता मनराखन कैवर्त, मिलुराम कैवर्त, नीलेश कैवर्त, दुखीराम कैवर्त, छन्नू कैवर्त सहित 20 से ज्यादा लोग शामिल हुए।

### सट्टापट्टी के आरोपी युवक गिरफ्तार

**लोरमी।** पुलिस व साइबर सेल को सोमवार को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम गोंडखाम्ही में शराब भट्टी मोड़ पास 1 व्यक्ति नंबर पर हार जीत का दांव लगाते हुए सट्टा-पट्टी लिख रहा है। सूचना पर लोरमी पुलिस एवं साइबर सेल टीम ने घेराबंदी कर मौके से एक व्यक्ति को हिरासत लिया। पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम पप्पू लहरे पिता छेदी लहरे गोविंद उम्र 30 वर्ष गोडखाम्ही निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 हजार 650 रुपए नकद, सट्टा-पट्टी एवं पेन जब्त कर उसके खिलाफ धारा जुआ एक्ट की 6, 4(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई की गई।

### सेमरसल में नव पदस्थ प्रधानपाठक ने कार्यभार किया ग्रहण



**लोरमी।** सरकार ने शिक्षा विभाग में लंबे समय से प्रतिक्षित प्रधानपाठकों को पदोन्नति दी है, इसी तारतम्य में 37 वर्षों से बिलासपुर जिले में सेवारत उच्च वर्ग शिक्षक आत्माराम कश्यप ने सेमरसल में अपनी नई पारी की शुरुआत की है। स्वभाव से बेहद सरल लेकिन अनुशासन प्रिय शिक्षक आत्माराम कश्यप ने अपनी शेष समय की सेवा के लिए सेमरसल को चुना है। प्रभारी प्राचार्य दीपक ध्रुव ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक राजकुमार कश्यप, शिक्षक राकेश पांडेय, बाबू कुर्रे, अभिनव द्विवेदी, नरेश बैगा, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष विजय निषाद, कलेश्वर कश्यप, धनेश्वर निषाद, भुनेश्वर, कृत पटेल, गौतम, दर्शन पटेल, भैरव निषाद, बटहा से मेहतर कश्यप, बद्री कश्यप, नरेंद्र कश्यप, परमेश्वर, हितेश, दुर्गेश, महेंद्र दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

### मेडिकल टीम ने दी देश के जांबाज सैनिकों को सलामी



**लोरमी।** लोरमी मेडिकल टीम ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करने पर खुशी जाहिर करते हुए देश के जाबांज सैनिकों को सलामी दी। टीम के लोगों का कहना हैं कि आतंकी हमले में शहीद नागरिकों को न्याय दिलानेव देश की सुरक्षा के लिए आतंकवाद का नाश जरूरी है। आतंकवादी ताकतों को मिटाने के लिए सेना ने जो भी निर्णय लिए हैं उसके लिए हम एकजुटता से सेना के साथ है। उन्होंने कहा कि हम सभी भारतीय सेना के जाबांज सैनिकों को सलामी देते हैं व हर परिस्थिति में लड़ने और जीतने की पार्थना करते हैं। साथ ही हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार व्यक्त करते है, जिन्होंने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया। इस अवसर पर मेडिकल संघ के ब्लाक अध्यक्ष मिंटू छबड़ा, ब्लाक सचिव मुकेश कश्यप, राजेंद्र साहू, पार्षद सोहन डड़सेना आदि शामिल रहे।

## मरीजों को बिना जांच के दी जा रही दवा, नहीं मिल रहा तत्काल इलाज

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सन्नाटा बिना डॉक्टर के चल रहा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

नगर पंचायत जरहागांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महज नाम मात्र का रह गया है एवं स्वास्थ्य केंद्र का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। आज भी यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं व सुविधाएं देखने को मिलती हैं। सही मायने में कहा जाए तो यहां मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां स्थिति यह है कि बिना जांच के ही मरीजों को दवा देकर घर भेज दिया जाता है। जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ना तो कोई एमबीबीएस बैठ रहे हैं, ना ही खून जांच करने वाले लैब टेक्नीशियन। केवल 2 नर्स के भरोसे स्वास्थ्य केंद्र का संचालन एक छोटे से क्लिनिक की तरह किया जा रहा है। थाने से मिली जानकारी के अनुसार किसी दुर्घटना या लड़ाई-झगड़े में घायलों को जांच हेतु यहां ले जाया जाता है तो डाक्टर नहीं होने के कारण उन्हें मुंगेली भेजना पड़ता है।

अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने के कारण नर्स व कंपाउंडर दवा देते हैं। मंगलवार को दुर्घटना में आहत रविंद निषाद इलाज कराने अस्पताल गए तो डॉक्टर की मौजूदगी नहीं होने से कंपाउंडर ने उनकी चोट पर दवा लगाई। इस पर उनके परिजनों ने अस्पताल के खिलाफ भारी नाराजगी जताई। जानकारी के अनुसार अस्पताल में पहले इलाज कर रहे आयुष डॉक्टर अखिलेश बंजारे को सीएमएचओ ऑफिस में अटैच कर दिया गया है। ऐसे में स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार की उम्मीद थोड़ी भी उम्मीद नजर नहीं आती।

### स्वास्थ्य केंद्र में नहीं बैठते बीएमओ

जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीएमओ भी नहीं बैठते, जबकि उनका बैठना अनिवार्य है। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि कभी कभी-बीएमओ आते हैं एवं वे मुंगेली में अधिक समय देते हैं।





#### क्या कहते हैं मरीज

स्थानीय निवासी संजय साहू ने बताया कि नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का होना केवल नाम मात्र का है, यहां डाक्टर नहीं बैठने के कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है। अस्पताल में केवल खानापूर्ति के नाम पर दवा का वितरण किया जाता है। यहां ना तो डाक्टर बैठते है, ना ही बीएमओ। अस्पताल में पेट दर्द का इलाज कराने आई नेहा दिवाकर का कहना है कि जब इलाज कराने अस्पताल पहुंचे तो वहां कोई डाक्टर नहीं थे। नर्स ने दवा लेने की सलाह देकर उन्हें जिला अस्पताल जाने की बात कही। इसी तरह मरीज रविंद निषाद ने बताया कि एक्सीडेंट में उन्हें चोट लगी हुई थी, जिनका इलाज कराने वे अपस्ताल पहुंचे। वहां पहुंचने पर पता चला कि कोई डॉक्टर नहीं है एवं कंपाउंडर ने उन्हें दवा दी। उन्होंने कहा कि पैर में काफी दर्द है, लेकिन कोई डॉक्टर नहीं होने से जांच की समस्या है।




#### नहीं हो रही व्यवस्था

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस डॉक्टर के से मरीज अनेक सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। इस विषय पर संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक डाक्टर की व्यवस्था नहीं की जा सकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा तो दूर, यहां की स्थिति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से भी बदतर है।

\- **रुपाली वेद प्रकाश कश्यप**, नपं अध्यक्ष

#### जानकारी ली जाएगी

जिले में डाक्टर्स की कमी है, फिर भी यथा संभव प्रयास किया जाता है कि डॉक्टर वहां मौजूद रहें। फिलहाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की क्या स्थिति है, इसकी जानकारी ली जाएगी।

\- **ज्वाला प्रसाद कौशिक**, बीएमओ मुंगेली

#### शासन को भेजी जानकारी

जरहागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर की समस्या को लेकर शासन को जानकारी भेजी गई है। बहुत जल्द यहां डाक्टर की व्यवस्था हो जाएगी। बीएमओ को ओपीडी संचालित करने निर्देशित किया गया है। जब तक डाक्टर की उपलब्धता निश्चित नहीं हो जाती, तब तक वे स्वयं ओपीडी देखें। ताकि मरीजों को इलाज मिल सके।

\- **डॉ प्रभात चंद्र प्रभाकर**, सीएमएचओ मुंगेली

## डीएवी स्कूल देवरीखुर्द के बच्चों ने रचा कीर्तिमान



**तखतपुर।** डीएवी स्कूल देवरीखुर्द के 12वीं के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की वार्षिक परीक्षा में शत प्रतिशत प्रदर्शन करते हुए तखतपुर क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के वाणिज्य संकाय के छात्र अनीश गुप्ता ने 94..8 प्रतिशत लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान एवं फेम अनंत ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। तीसरे स्थान पर वाणिज्य संकाय के छात्र नरेंद्र मानिकपुरी रहे जिन्होंने 86.2 प्रतिशत अंक हासिल किया। विज्ञान संकाय में सय्यद अंसारी ने 81.2 अंक हासिल कर प्रथम एवं दूसरे स्थान पर तनुश्री यादव रही जिन्होंने 80.8 अंक प्राप्त किया। आर्ची कौशिक तृतीय स्थान पर रही जिसने 80.2अंक हासिल किए। कुल 30 विद्यार्थियों में से 80 प्रतिशत अंक 6 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए एवं 14 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। आयशा अंसारी ने 91.6 अंको के साथ शीर्ष स्थान पर रही। नित्या शर्मा ने 89.8 अंको के साथ दूसरे स्थान पर एवं पलक कौशिक 89.6 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। कुल 63 विद्यार्थियों में से 58 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण कर विद्यालय और क्षेत्र के नाम को किया है एवं कक्षा 10 का परीक्षाफल 93 प्रतिशत रहा। विद्यालय के संस्था प्रमुख विनय कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### 10वीं सीबीएससी में आहना ने प्राप्त किया 95.8 प्रतिशत अंक

**लोरमी।** कुमारी आहना साहू पिता राजेंद्र साहू ने डीपीएस स्कूल बिलासुर से कक्षा 10वीं सीबीएसई की परीक्षा 95.8 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण की है। छात्रा आहना साहू शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। इनके पिता राजेंद्र साहू लोरमी के ग्राम साल्हेघोरी के निवासी हैं तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल एसोसिएशन के जिला प्रचार सचिव हैं।

### हाई स्कूल धमनी के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सरगांव।** हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा 2025 के परिणाम हाल ही में घोषित हुए, जिसमें शासकीय हाई स्कूल धमनी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया।विद्यालय की छात्रा कु. संजना निषाद ने 94.33% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर टॉप स्थान हासिल किया। काजल साहू ने 90.33% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रिया पटेल ने 85.50% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय की सफलता सूची में अपना नाम दर्ज कराया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य अजय कमल के साथ समिति के अध्यक्ष, सचिव, पदाधिकारियों, विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया है। विद्यालय परिवार ने छात्रों की इस सफलता का श्रेय उनके परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

## कलेक्टर व एसपी ने लिया मुखर्जी स्टेडियम व अन्य स्थलों का जायजा

**मुंगेली।** सुशासन तिहार के तहत मुख्यंमत्री विष्णुदेव साय के जिले में संभावित प्रवास के मद्देनजर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के साथ मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम सहित विभिन्न स्थलों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्टेडियम में हेलीपेड स्थल, जिला ग्रंथालय में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष, प्रेस क्लब, सायबर सेल और नवनिर्मित परिवहन कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग, यातायात, कानून व्यवस्था, सुरक्षा, बेरिकेटिंग, मंच, टेंट, पेयजल, स्वास्थ्य, विद्युत, बैठक आदि व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक तैयारियां



निरीक्षण करते कलेक्टर एवं एसपी

निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष बनें संजय

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के संरक्षक रज्जन श्रीवास्तव की संस्तुति पर कायस्थ समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद खरे के अनुमोदन से डॉ संजय वर्मा को कायस्थ समाज मुंगेली का जिलाध्यक्ष पद



पर मनोनीत किया गया। अपनी इस नियुक्ति पर उन्होंने समाज प्रमुखों, प्रदेश प्रतिनिधियों व समाज के समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही जो जिम्मेदारी समाज ने उन पर दी है उसका पूरी ऊर्जा व तन्मयता से समाज में सभी को साथ लेकर कार्य करने की बात कही।

## हथनीकला स्टेडियम के समतलीकरण का कार्य शुरू

**मुंगेली।** जिला प्रशासन की पहल पर ग्राम हथनीकला में स्टेडियम के बहुप्रतीक्षित समतलीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि स्टेडियम के समतलीकरण से ग्राम एवं आसपास के क्षेत्र के युवाओं को खेलकूद, दौड़ एवं अन्य गतिविधियों में भागीदारी का अवसर मिलेगा।

इससे युवाओं को शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ कैरियर निर्माण में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हथनीकला जैसे ग्रामीण क्षेत्र से 100 से अधिक युवा आज सेना सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश सेवा कर रहे हैं, जो जिले के लिए गर्व की बात है। कलेक्टर ने युवाओं से आव्हान किया कि वे अपने बहुमूल्य समय का उपयोग सार्थक



ग्रामीणों को संबोधित करते कलेक्टर

गतिविधियों में करें। उन्होंने कहा कि सोच सकारात्मक रखें, संगत उत्तम हो, माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करें। समाज सेवा में भाग लें और दुर्घटनाग्रस्त या जरूरतमंद लोगों की मदद अवश्य करें। एसपी ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में युवाओं की भागीदारी सराहनीय है। उन्होंने रामायण के श्लोकों के माध्यम से जीवन मूल्यों की प्रेरणा दी और युवाओं को स्टेडियम का सदुपयोग करने की बात कही। उन्होंने अपील की कि इस स्थान को नशा मुक्त रखें और अवांछनीय तत्वों से दूर रहें। कार्यक्रम को जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पथरिया एसडीएम अजय शतरंज, जनपद सदस्य भुवनेश्वरी किशोर यादव एवं ग्राम के सरपंच सुषमा प्रीतम कौशल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या ग्रामीण मौजूद रहे।

## शक्तिपीठ पेंड्रा में बुद्ध पूर्णिमा पर गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ

**पेंड्रा।** शक्तिपीठ पेंड्रा में बुद्ध पूर्णिमा पर गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 12 मई को संपूर्ण भारत एवं विश्व में एक साथ सुबह 9 से 12 बजे तक बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर देव संस्कृति के निर्माता यज्ञ पिता गायत्री माता गृहे गृहे गायत्री यज्ञ किया जा रहा है।

आयोजकों ने बताया कि गायत्री मंत्र सनातन धर्म का आधार स्तंभ है, जब तक धरती रहेगी गायत्री मंत्र रहेगा गायत्री मंत्र सद्बुद्धि का मंत्र है। गायत्री यज्ञ में जितना खर्च हवन होता है उससे हजार गुना मूल की सुख समृद्धि की प्राप्ति एवं आपत्तियों से निवृत्ति मिलती है। सतयुग व द्वापर युग में राक्षसों दुष्प्रवित्तियों का उन्मूलन भगवान राम और श्री कृष्ण द्वारा



किया गया था लेकिन वातावरण दूषित हो गया था, वातावरण की सफाई के लिए राज सूर्य एवं अश्वमेध यज्ञ किया गया था। आज इस विश्व शांति के लिए किया गया गृहे गृहे यज्ञ कार्यक्रम में एलएन महेश, प्रभा वैश्य, युग कबीर विश्वकर्मा, पिंकी द्विवेदी, श्रेया द्विवेदी, वैशाली थानेकर, प्रदीप थानेकर, ईशु द्विवेदी, वेदाश वैश्य, श्रीमती रजनी वैश्य आदि लोग सम्मिलित हुए।

## अल्फा पब्लिक स्कूल में निशुल्क समर कैम्प का आयोजन

**मुंगेली।** अल्फा पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में निशुल्क समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्कूल के अनुभवी ट्रेनर्स बच्चों को टेबल टेनिस, बॉली-बॉल, स्वीमिंग, हॉर्स राइडिंग, स्केटिंग, ताइक्वांडो, अबैकस, स्कैचिंग एवं पेंटिग, डांसिंग, फुटबॉल एवं क्रिकेट आदि एक्टिविटी सीख रहे हैं, जिससे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ ही साथ उनके ज्ञान का विकास हो रहा है। स्कूल के अतिरिक्त नगर एवं आसपास के विद्यालयों, ग्रामों से छात्र-छात्राएं इस समर कैम्प में उपस्थित होकर विभिन्न गतिविधियों से मनोरंज के साथ उनके प्रतिभाओं का विकास हो रहा है। समर कैम्प में सुबह बच्चों के लिए योगा की कक्षाएं आयोजित की जाती हैं, जिसमें बच्चे खेल-खेल में योगा भी सीख रहे है। इसके साथ ही स्कूल



हारमोनियम सीखते बच्चे

के शिक्षकों के द्वारा उन्हे स्पेशल क्लासेस के माध्यम से पेन्टिंग, नृत्य भी सीखाया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न कक्षाओं के छात्राओं को रंगोली का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### युवाओं में कार्य करने का जज्बा, क्षेत्र में अग्रणी: साव

## डॉ रमन ने किया महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम सुकली में राजपूत क्षत्रिय समाज ने महाराणा प्रताप भव्य मूर्ति का अनावरण कर हर्षोल्लास के साथ महाराणा प्रताप की जयंती मनाई। साथ ही युवाओं ने उत्साह के साथ बाइक रैली निकाली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मूर्ति के अनावरण को समाज का बहुत बड़ा योगदान बताया।

महाराणा प्रताप जीवनी को बताते हुए उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप अपने जीवन काल में किसी राज्य या प्रशासन के लिए नहीं, बल्कि भारत के स्वाभिमान के लिए अनेकों लड़ाईयां लड़ी।



स्वाभिमान के लिए लड़ते-लड़ते उन्होंने अपनी कुर्बानी दे दिए, लेकिन कभी भी किसी के सामने नतमस्तक नहीं हुए। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि यहां के युवाओं में कार्य करने का जज्बा है, वे हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। युवा मातृभूमि की स्वाभिमान की रक्षा के लिए एवं रक्तदान व समाज सेवा के लिए अग्रणी है। इस दौरान उन्होंने मांग पर 10 लाख की मंगल भवन निर्माण की घोषणा की। साथ ही नगर में राजपूत समाज के भवन में महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित कराने के आश्वशन दिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ धर्मजीत सिंह एवं जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने महाराणा के जीवनी पर प्रकाश डाला और क्षत्राणियों को अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ाने के लिए आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ रमन सिंह ने राजपूत समाज के शिक्षा, रक्तदान, समाजसेवा, सेवानिवृत्त जैसे अनेक क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को महाराणा प्रताप के प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण देकर समानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष कपिल सिंह राजपूत ने की। कार्यक्रम के समापन पश्चात डिंडोल निवासी रामनिवास सिंह फौजी पूर्व सरपंच के यहां सभी अतिथियों ने स्वल्पाहार किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर सिंह, संजय सिंह, रामनिवास सिंह, महावीर सिंह, देवप्रकाश सिंह आदि शामिल रहे।

## जिला अस्पताल में बच्चे की ह्यूमरस हड्डी का सफल ऑपरेशन



चिकित्सकों के साथ बालक

**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने 10 वर्षीय बच्चे के ह्यूमरस हड्डी का सफल ऑपरेशन किया। जिला मुख्यालय कालीमाई वार्ड निवासी मरीज व्यापक सिंह पिता रामकृपा सिंह उम्र 10 वर्ष सायकल चलाते वक्त नाली में गिर गया था, जिससे उसे हाथ आदि में चोट आई थी एवं उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। एक्स-रे में बच्चे के हाथ की बाएं हयूमरस की हड्डी टूटने की जानकारी मिली, जिसका सफलतापूर्वक ऑपरेशन अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ भूपेन्द्र सिंह टंडन ने किया। ऑपरेशन में सिविल सर्जन डॉ एमके. राय, आरएमओ डॉ संदीप कुमार पाटिल, नेत्र विशेषज्ञ डॉ देवेश खांडे आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।